महाराज पृथ्वीसिंह 'रसनिधि'

कृत

रतनहजारा

संपादक

हरिमोहन मालवीय

शक १८९०

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

महाराज पृथ्वीसिंह 'रसनिधि' कृत

रतनहजारा

सम्मेलन आकार ग्रन्थमाला-पुष्प—८

महाराज पृथ्वीसिंह 'रसनिधि'

कृत

रतनहजारा

संपादक

हरिमोहन मालवीय

शक १८९०

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

प्रकाशक
मौलिचन्द्र शर्मा
सचिव, प्रथम शासन निकाय
हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

प्रथम संस्करण : १९६८
मूल्य : २०-००

मुद्रक
सम्मेलन मुद्रणालय
प्रयाग

प्रकाशकीय

हिन्दी साहित्य सम्मेलन विगत अनेक वर्षों से देश के विभिन्न अंचलों से हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह और संरक्षण का कार्य करता आ रहा है। लगभग आठ सहस्र ग्रन्थों के इस बृहत् संग्रह में अनेक ग्रन्थ ऐसे भी हैं, जो अप्रकाशित एवं महत्वपूर्ण हैं और जिनके प्रकाश में आने से हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि हो सकती है। इसी उद्देश्य को दृष्टि में रखकर प्रथम शासन निकाय के कार्यकाल में विशेषज्ञ विद्वानों की एक परामर्शदातृ समिति का गठन किया गया और उसके निर्देशन में आठ हस्तलिखित ग्रन्थों के सम्पादन एवं प्रकाशन की एक योजना बनायी गयी। इस योजना के सात ग्रन्थ अब तक प्रकाशित हो चुके हैं और अन्तिम आठवाँ ग्रन्थ रसनिधि कृत 'रतन-हज़ारा' अध्येताओं के लिए प्रस्तुत है। इस योजना के दूसरे चरण में हिन्दी के प्राचीनतम जैन ग्रन्थों तथा आयुर्वेद और ज्योतिष के ग्रन्थों के सम्पादन एवं प्रकाशन-कार्य को हाथ में लिया जा रहा है।

इस कृति का सम्पादन प्रयाग विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के रीडर श्री उमाशंकर शुक्ल के निर्देशन में श्री हरिमोहन मालवीय ने किया है। सम्पादन-कार्य में श्री शुक्ल जी का सम्मेलन को जो महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहा है, उसके लिए सम्मेलन की ओर से मैं आभार प्रकट करता हूँ। इस पुस्तक के सम्पादक श्री मालवीय भी हमारे धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने विभिन्न स्रोतों से सामग्री का संग्रह एवं चयन कर प्रस्तुत पुस्तक को अधिक प्रामाणिक एवं सर्वांगीण बनाने का यत्न किया है।

प्रस्तावित योजना के आठ अप्रकाशित एवं महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों के निर्देशन तथा सम्पादन के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करने की कृपा की है। उसी के अन्तर्गत यह आठवाँ ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। एतदर्थ मैं सम्मेलन की ओर से भारत

सरकार के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। आशा है कि अज्ञात एवं दुर्लभ कृतियों को प्रकाश में लाने की इस उपयोगी योजना के संचालन के लिए भविष्य में भी भारत सरकार से सम्मेलन को वित्तीय सहायता प्राप्त होती रहेगी।

अपने बहुमूल्य ग्रन्थ संग्रहों को भेंट स्वरूप प्रदान करने में सम्मेलन को जिन साहित्य प्रेमी एवं उदारचेता महानुभावों का योगदान प्राप्त होता रहा, उनमें जयपुर (राजस्थान) निवासी, कविवर पद्माकर के वंशज, श्री कमलाकर 'कमल' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रस्तुत पुस्तक की आधारभूत हस्तलिखित प्रति श्री 'कमल' जी द्वारा १९५१ ई० में सम्मेलन को प्राप्त हुई थी। उन्होंने अपना सारा संग्रह सम्मेलन को भेंट स्वरूप प्रदान करने के साथ-साथ अनेक व्यक्तियों को भी उसके लिए प्रेरित कर सम्मेलन की एवं हिन्दी जगत् की बहुत बड़ी सहायता की है। सम्मेलन की ओर से श्री 'कमल' जी के प्रति मैं सादर कृतज्ञता अर्पित करता हूँ। आशा है, भविष्य में भी सम्मेलन को उनका उदार सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

मौलिचन्द्र शर्मा
सचिव
हिन्दी साहित्य सम्मेलन
प्रयाग

विषय-सूची

संकेत विवृति

क० — कन्हड़गढ़ की प्रति का पाठ

छं० — छंद

छं० सं० — छंद संख्या

द० — दतिया से प्राप्त हस्तलिखित प्रति

प्र० — प्रभाकर द्वारा की हुई प्रतिलिपि

भा० -- भारतजीवन प्रेस द्वारा प्रकाशित रतनहजारा

रतनहजारा का विषय-विभाजन

———

भूमिका

रसनिधि-परिचय

'बुन्देल वैभव' के सम्पादक श्री गौरीशंकर द्विवेदी को छोड़कर शेष सभी विद्वानों ने सेंहुड़ा के जागीरदार पृथ्वीसिंह को ही रसनिधि कवि माना है। श्री द्विवेदी को रतन हजारा की एक प्रति ओरछा राज्य के भूतपूर्व दीवान नसरत जमाँ खां के संग्रहालय में मिली थी जिसमें 'श्री महाराजाधिराज श्री राजा प्रथीसिंघ जू देव कृति लिख्यते' लिखा था। इसी के आधार पर श्री द्विवेदी ने लिखा है कि 'इससे प्रतीत होता है कि या तो रसनिधि बहुत ही बड़े जागीरदार रहे होंगे या फिर महाराज पृथ्वीसिंह ओरछा-नरेश ही जिनका यही जन्म-काल, कविता-काल और शासन-काल था, ये महानुभाव हों, क्योंकि जागीरदार को महाराजाधिराज श्री राजा इत्यादि नहीं लिखा जाता।"[१]

ओरछा के जिस महाराज पृथ्वीसिंह का उल्लेख श्री द्विवेदी जी ने किया है उनका वृत्त श्री गोरेलाल ने 'बुन्देलखण्ड के संक्षिप्त इतिहास' में इस प्रकार दिया है, 'उदितसिंह के मरने पर उसके नाती अमरसिंह का लड़का पृथ्वीसिंह राजा हुआ। इसके समय वि० सं० १७९९ में मराठों ने झाँसी, मऊ, रानीपुरा, और बरुआसागर के परगने निकाल लिये। इसके समय अहमदशाह अब्दाली की चढ़ाई, मुहम्मदशाह की मृत्यु और अहमदशाह का राज्यारोहण ये ही मुख्य घटनायें दिल्ली में हुई थीं। यह वि० सं० १८०९ में मरा।'[२] इतिहासकार गोरेलाल ने कहीं भी ओरछा के पृथ्वीसिंह के कवि होने का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु अक्षर अनन्य के सन्दर्भ में उन्होंने लिखा है कि 'अनन्य दतिया राज्य के अन्तर्गत सेंहुड़ा

---

१. बुन्देल वैभव, पृ० ३८१।
२. बुन्देलखण्ड का संक्षिप्त इतिहास, पृ० १५५।

के निवासी और जाति के कायस्थ थे। दतिया के राजा दलपतराय के पुत्र और सेंहुड़ा के जागीरदार पृथ्वीचन्द्र के ये गुरु थे।[1] यह स्मरणीय है कि जिस दलपतराय के पुत्र पृथ्वीचंद्र की चर्चा यहाँ पर इतिहासकार ने अक्षर अनन्य के सन्दर्भ में की है, उन्हीं को दतिया के वंश-वृक्ष में पृथ्वी सिंह लिखा है। श्री गोरेलाल तिवारी द्वारा प्रस्तुत दतिया के राजाओं का वंशवृक्ष[2] इस प्रकार है।

१. बुन्देलखण्ड का संक्षिप्त इतिहास, पृ० २२६।
२. वही, पृ० ३९३।

वंशवृक्ष आदि से यह सिद्ध है कि सेंहुड़ा के पृथ्वीसिंह को ही पृथ्वीचंद्र भी कहा गया है। विशेष रूप से अक्षर अनन्य की प्रकाशित कृतियों में पृथ्वीचन्द्र नाम उपलब्ध होता है। श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव का मत है कि 'पृथ्वीसिंह का नाम पृथ्वीचंद्र, प्रथीसिंह और पृथ्वीसिंह तीनों ही मिलता है।. . .श्री अक्षर अनन्य ने पृथ्वीसिंह 'रसनिधि' को समझाते हुए तथा उन्हें ज्ञान-मार्ग का उपदेश देते हुए जो चिट्ठे लिखे हैं उनमें प्रथीचंद और प्रथीसिंह दोनों ही नाम मिलते हैं।"[1]

सेंहुड़ा के जागीरदार पृथ्वीसिंह को ही यदि महाराज के प्रशस्ति-सूचक सम्बोधन से प्रतिलिपिकार ने विभूषित किया हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। वे साधारण जागीरदार नहीं थे। उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व था। सेंहुड़ा, दतिया से छत्तीस मील दूर काली सिंध के तट पर बसा था और यहीं से वे युद्ध और राजनीति का संचालन करते थे। महाराज पृथ्वीसिंह का पूर्वजों की भाँति ही मुगल शासकों से अच्छा सम्बन्ध था। अवधवासी लाला सीताराम ने भी लिखा है कि—'दतिया के महाराज दलपतराव बड़े वीर और मुगल-सम्राट् के बड़े खैरख्वाह थे। उनके पिता महाराज शुभकरन जी ने मुगल साम्राज्य की बड़ी सेवा की थी और उनके मरने पर औरंगजेब ने बड़ा शोक प्रकाश किया और उनके उत्तराधिकारी महाराज दलपतराव को पंचहजारी का पद दिया। दलपतराव ने सन् १६८३ से १७०७ तक राज्य किया। उनके ५ कुँवर थे। पहले कुँवर महाराज रामचंद्र उनके उत्तराधिकारी हुए और दूसरे कुँवर पृथ्वीसिंह को, जिन्हें अक्षर अनन्य अपने ज्ञानयोग में पृथ्वीचंद राय कहता है, स्योढ़ा की जागीर मिली।[2]

पहले दतिया और सेंहुड़ा की जागीर ओरछा राज्यान्तर्गत थी। कालान्तर में ओरछा राज्य मुगल छत्रछाया में चला गया और दतिया को मुगल संरक्षण में जाना पड़ा। फिर कभी भी यदि बुन्देलों और मुगलों में

---

१. **विंध्य साहित्य संकलन, पृ० १७७ ।**
२. **प्रेमदीपिका की भूमिका, पृ० १२, १३।**

संघर्ष हुआ तो दतिया मुगलों के साथ था, और सेंहुड़ा भी। सेंहुड़ा को दतिया से अलग जागीर के रूप में अस्तित्व देने का श्रेय भी पृथ्वीसिंह को ही था, इससे पूर्व वह दतिया का ही भाग था।

छत्रसाल और मुगलों के इलाहाबाद के सूबेदार मुहम्मदशाह बंगश (उपस्थिति-काल सं० १७७८) के संघर्ष में प्रारम्भ में सेंहुड़ा के पृथ्वीसिंह ने मुगलों का साथ दिया था। यह संघर्ष महाराज छत्रसाल द्वारा पीरखाँ को कालपी से निकाल देने के कारण हुआ था, किन्तु सं० १७८६ में बाजीराव पेशवा द्वारा बुन्देलों को जो सहायता मिली थी, उससे अनेक हिन्दू नरेशों ने मुसलमानों का साथ छोड़ दिया था। इतिहास मौन है कि उस स्थिति में पृथ्वीसिंह की क्या नीति थी? क्योंकि आगे चलकर मुगलों के साथ केवल मौदहा के जागीरदार जयसिंह तथा ओरछा के राजा के छोटे भाई लक्ष्मणसिंह ही थे। यह संघर्ष छत्रसाल द्वारा जैतपुर दुर्गविजय के बाद समाप्त हुआ, जबकि मुहम्मद खां बंगश को किला छोड़कर भागना पड़ा था। इस प्रकार के महत्त्वपूर्ण जागीरदार को यदि प्रतिलिपिकार ने महाराजाधिराज आदि के विरुद से स्मरण किया हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वास्तव में पृथ्वीसिंह के पिता दलपतराव ने संवत् १७४० से सं० १७६३ वि० तक राज्य किया था। श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव के अनुसार १७६३ वि० में औरंगजेब के लड़के आजमशाह के पक्ष में युद्ध करते समय एक तोप का गोला आपके हाथ में लगा और उसी समय आपका देहावसान हो गया।[1] श्री श्रीवास्तव ने पृथ्वीसिंह की राज्य-प्राप्ति का समय १७६७ वि० लिखा है। दलपतिराव का जन्मकाल १७०० वि० है, इसके आधार पर उनके पाँच पुत्रों में तृतीय पुत्र पृथ्वीसिंह का जन्मकाल सं० १७३० श्रीवास्तवजी ने सुझाया है।

रतनहजारा में कवि रसनिधि ने अपने वास-स्थान और स्वभाव का एक स्थान पर संकेत दिया है। कवि का कथन है—

---

१. विंध्य साहित्य संकलन, पृ० १७६।

इत जमुना रमना उतै बीच जहांनाबाद।
तामै बसि नेकी करौं करौं न वाद विवाद॥१८५॥

उपर्युक्त छंद पर विचार करने से यही प्रतीत होता है कि 'रमना शब्द 'रेवा' (नर्मदा) का अपभ्रंश रूप है। बुंदेलखंड की सीमा का द्योतन करते हुए प्राचीन कवियों ने 'रेवा' शब्द का उल्लेख किया है। 'बुंदेलखंड के इतिहास' लेखक दीवान प्रतिपालसिंह ने बुंदेलखंड की सीमा के संबंध में स्वनिर्मित छंद में यमुना और रेवा का उल्लेख किया है—

उत्तर समतल भूमि गंग जमुना सु-बहति है।
प्राची दिस कैमूर, सोन, कासी सु-लसति है॥
दक्खिन रेवा विंध्याचल तन सीतल करनी।
पच्छिम में चंचल चंचल सोहति मनहरनी॥[1]

बुंदेलखंड की सीमा-रेखा का वर्णन करते समय नर्मदा और जमुना का ही उल्लेख प्रायः इतिहास-ग्रंथों में मिलता है। महाराज छत्रसाल के राज्य की सीमा का निर्देश करते हुए भी कहा गया है—

'इत जमुना उत नर्मदा, इत चंबल उत टोंस।'

अतएव कवि ने अपने बुंदेलखंड के निवास का आत्मसाक्ष्य ही उपर्युक्त छंद में प्रस्तुत किया है। 'जहाँनाबाद' का आशय यहां पर आबाद-क्षेत्र (संसार) से ही है वह किसी नगर या स्थान का नाम नहीं प्रतीत होता।

रसनिधि के गुरु अक्षर अनन्य

अक्षर अनन्य तथा रतनहजारा के कवि महाराज पृथ्वीसिंह 'रसनिधि' के सम्बन्ध में बहुत पहले ही विद्वानों का ध्यान गया था। सन् १९०६-८

---

१. बुन्देल वैभव, पृष्ठ ५०।

के नागरी प्रचारिणी सभा के खोज-विवरण में बाबू श्यामसुन्दरदास ने राजा पृथ्वीचंद या पृथ्वीराज के विषय में यह लिखा है—

"कुँवर प्रिथीराज, सन आफ दलपतराय (१६९७–१७०९) आफ दतिया। ही वाज हिमसेल्फ गुड पोएट ऐन्ड रोट अन्डर द नान-द-प्लम रसनिधि। द पोएट अक्षर अनन्य फ्लोरिश्ड एट हिज कोर्ट।"

इसी भाँति उसी खोज-रिपोर्ट में अक्षर अनन्य का भी परिचय इस प्रकार दिया गया है—

"अक्षर अनन्य (१६५३ ए० डी०)। ही वाज ए कायस्थ आफ सेंहुड़ा, ए विलेज इन द दतिया स्टेट। ही वाज ए सन्यासी वेलवर्स्ड इन द वेदान्तिक सिस्टेम आफ फिलोसोफी। ही वाज सो स्किल्ड इन द मीट्रिकल कम्पोजीशन दैट ही आफेन स्पोक इन वर्स। वन्स महाराज छत्रसाल आफ पन्ना इनवाइटेड हिम टु हिज कोर्ट, बट ही डिक्लाइन्ड टु अटेन्ड। ही वाज द फर्स्ट मैन टु ट्रान्सलेट द दुर्गा सप्तशती इन्टू हिंदी वर्स। हिज डिसेन्डैन्ट्स आर स्टिल फाउन्ड इन द दतिया स्टेट। बीइंग द स्प्रिचुअल प्रिसेप्टर आफ कुँवर प्रिथीराज, ही रिसीव्ड, फ्राम हिम सम विलेजेज इन द वे आफ जागीर व्हिच ही हैन्डेड ओवर टु हिज ब्रदर।"

अक्षर अनन्य और महाराज पृथ्वीसिंह का गुरु-शिष्य संबंध था। अनन्य ग्रंथावली[1] में अक्षर अनन्य रचित राजयोग, ज्ञानयोग, विज्ञानयोग और विज्ञानबोध ग्रंथ संकलित हैं। इन ग्रंथों में अक्षर अनन्य ने पृथ्वीचंद्र नरेश को संबोधित करते हुए विविध विषयों का ज्ञान कराने का प्रयास किया है। स्थान-स्थान पर अक्षर अनन्य ने लिखा है—

१. वेद प्रमाण अनन्य भने यह भेद सुनो पृथिचन्द्र नरेश्वर।

राजयोग १–४

२. यह भेद सुनो पृथिचन्द्र राय। कल चारिहु को साधन उपाय।

राजयोग १–१

---

१. अनन्य ग्रन्थावली, सं० ठकुर सूर्यकुमार वर्मा, ना० प्र० सभा, १९१३।

३. सुख मारग यह पृथिचन्द्र राइ। इहि सम न आहि दूज उपाइ।

राजयोग त्रोटक १९–२

४. राजयोग सिद्धान्त यह सुनो राज प्रथिचन्द्र।

राजयोग दोहा १–१

५. प्रथीचन्द्र नृपराज तुम्हारे ज्ञान सुनन की इच्छा।
भाँति भाँति को ज्ञान जगत में सुनो हमारी शिक्षा।

६. अक्षर अनन्य देत सिख पूरी बड़ा ज्ञान गुरु अर्चा।
प्रथीचंद्र नृपराज जानिये या सम और न चर्चा।।

विज्ञान बोध २८

७. प्रथीचन्द नृपराज आपसो ज्ञान कथा हम भाखें।
भांति भांति सम्बोधन करिके संभ्रम कहूँ न राखें।।

विज्ञान बोध—१

अनन्य ग्रंथावली कृतियों के ठाकुर सूर्यकुमार वर्मा ने 'विज्ञान बोध परिचय' के अन्तर्गत अक्षर अनन्य और राजा पृथ्वीचंद्र के संबंध में लिखा है—

'अनन्य ने अपनी कविता में राजा प्रथीचन्द्र को सम्बोधन करके कविता की है। परन्तु इस बात का ठीक-ठीक पता नहीं चलता कि ये राजा प्रथीचंद्र कौन थे। हमारे एक मित्र ने हमें सूचना दी है कि मौजा गिरवासा परगना सोढ़ा रियासत दतिया निवासी राजा प्रथीचन्द्र के लिए ही यह कविता अनन्य कवि ने बनाई थी। उनके कथन और कविता की भाषा देखकर जाना जाता है कि अनन्य कवि बुन्देलखण्ड वासी जरूर थे। अनन्य कवि ने अपनी कविता में अपने निवास-स्थान का कहीं पर भी परिचय नहीं दिया और न अपने ग्रन्थों के बनाने का समय ही दिया है। सुना जाता है कि आप जाति के कायस्थ थे और राजा प्रथीचंद्र के दीवान थे।[1]

---

१. अनन्य ग्रन्थावली, पृ० १, २।

आगे श्री सूर्यकुमार वर्मा ने एक घटना का भी उल्लेख इस प्रकार किया है—

'एक दिन वे राजा के व्यवहार से विरक्त होकर घर से निकल साधु हो गए। जब आप घर पर कई दिन हो गए वापस न आए तब राजा ने तलाश करवाई। आपका पता लगने पर राजा स्वयं लेने गये। जिस समय राजा आपके पास गए आप पैर पसारे लेटे थे। आपने राजा के आने पर न तो उनका स्वागत किया और न उठकर बैठे। राजा ने अपना अनादर समझकर पूछा । 'पैर पसारे कब से ?' आपने उत्तर दिया, 'हाथ समेटा तब से' अर्थात् जब से हाथ समेट लिया, माँगना या लेना छोड़ दिया, तब से पैर फैला दिए। राजा जवाब सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें समझा-बुझाकर फिर वापस ले गये। उसी समय राजा के लिए आपने 'राजयोग' ग्रन्थ बनाया।[1] आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने न जाने किस आधार पर इस घटना को महाराज छत्रसाल के साथ घटित बताया है।[2] श्री अवधनिवासी सीताराम ने महात्मा अक्षर अनन्य कृत प्रेम दीपिका की भूमिका अगहन सुदी ५ सं० १९३५ में लिखी थी। इसमें भी महाराज पृथ्वीसिंह और अक्षर अनन्य के गुरु-शिष्य सम्बन्ध में श्री सीताराम जी ने लिखा है--

'कुँवर पृथ्वीसिंह को, . . .अक्षर अनन्य ज्ञानियों में पृथ्वीराय कहता है, . . । अक्षर अनन्य ने कविता में अपना नाम अछिर अच्छिर, आछिर अनिन्न और अनिन्न लिखते हैं। जाति के कायस्थ इन्हीं (पृथ्वीचंदराय) के गुरु थे।[3]

श्री बाजूराय द्विज दास जो कि अक्षर अनन्य के प्रपौत्र थे उनके द्वारा लिखित वंशावली में अक्षर अनन्य और पृथीचंद्र (पृथ्वीसिंह) का उल्लेख मिलता है। अक्षर अनन्य के पूर्वजों के सम्बन्ध में उन्होंने लिखा है कि--

---

१. अनन्य ग्रन्थावली पृ० २।
२. हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० ९१।
३. प्रेमदीपिका, पृ० १२, १३।

नगर ओरछे में बसे, कायथ मानिक चंद।
फूलचंद तिनके अनुज, निसदिन आनन्द कंद।।
धरमदास जेठे भये, लहुरे ,मंगद राम।
मंगद के सुत दो भये, जेठे केसवराय।।
मानसाह लहुरे भये, प्रभुपद प्रीति सुहाय।।
केशवराय सुबुद्धि सुत, भये मुकुट मन दान।
भावसिंह लहुरे भये, सहज सुखन की खान।।
पूरन पुन्य प्रताप जग, भानसाह को नन्द।
अक्षर अनन्य सुकुलकलस, प्रकटो आनन्दकंद।

आगे लिखा है—

श्रवण करत बुन्देल मनि, प्रथीचंद नरनाह।
आनलिये आसन निकट, अतिहित प्रेम उदाह।।

इस वृत्त से यह भी सिद्ध है कि प्रथीचंद्र का सम्बन्ध स्वामी अक्षर अनन्य से अति प्रगाढ़ था। अक्षर अनन्य और रसनिधि के एक चित्र का भी उल्लेख मिलता है, जिसमें रसनिधि के दरबार में अक्षर अनन्य राधाकृष्ण की पूजा करते हुए चित्रित किये गये हैं।[1]

रसनिधि के गुरु अक्षर अनन्य भी असाधारण विद्वान् और सुकवि थे। बाबू श्यामसुन्दरदास ने सर्वप्रथम अक्षर अनन्य कृत निम्नलिखित ग्रन्थों का उल्लेख किया है—

१. अनुभव तरंग, २. राजयोग, ३. प्रेमदीपिका (जिसमें उद्धव का मथुरागमन वर्णित है) ४. ज्ञानबोध (विज्ञान योग–दे० अनन्य ग्रन्थावली) ५. ज्ञान पचासा (ज्ञान योग–दे० अनन्य ग्रन्थावली) ६. दैवशक्ति पच्चीसी (शक्ति पच्चीसी, या अनन्य पच्चीसी) ७. भवानी स्तोत्र, ८. वैरागतरंग, ९. योगशास्त्र तथा १०. कविता संग्रह।

---

१. विंध्य साहित्य संकलन , पृ० १७८।

लाला सीताराम ने प्रेमदीपिका की भूमिका में अक्षर अनन्य कृत १८ ग्रन्थों का उल्लेख किया है—

१. सिद्धान्त बोध, २. ज्ञान बोध, ३. हरसम्वाद भाषा, ४. योग-शास्त्र स्वरोदय, ५. अनन्य योग, ६. राजयोग, ७. अनन्य की कविता, ८. दैवशक्ति पच्चीसी (शक्ति पच्चीसी, अनन्य पच्चीसी), १०. प्रेम दीपिका ११. उत्तम चरित्र। (श्री दुर्गाभाष), १२. अनुभव तरंग, १३. ज्ञान बोध, श्री सरस मंजावली, १५. ब्रम्हज्ञान १६. ज्ञान पचासा, १७. भवानी स्तोत्र तथा १८ वैराग्य तरंग, (प्रेम दीपिका की भूमिका)

श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव ने विंध्य साहित्य संकलन में लिखा है कि—इतिहास-लेखकों ने आपके ३१ ग्रन्थों का उल्लेख किया है—१. राजयोग, २. विज्ञानयोग, ३. ध्यानयोग, ४. सिद्धान्त बोध, ५. विवेक दीपिका, ६. ब्रम्हज्ञान ७. अन्य प्रकाश, ८. उत्तम चरित्र, ९. अनुभव तरंग, १०. प्रेम दीपिका, ११. ज्ञानबोध, १२. ज्ञान पचासा, १३. दैव-शक्ति पचासा, १४. भवानी स्तोत्र, १५. योगशास्त्र, १६. कविता संग्रह, १७. विज्ञान बोध, १८. अंक बत्तीसी, १९. विवेक शतक, २०. निरवार शतक, २१. विवेक तरंग, २२. वैराग्य तरंग, २३. उपासना सार, २४. प्रह्लाद चरित्र, २५. अनन्य योग, २६. हरसम्वाद, २७. श्री सरस मंजावली, २८. योगशास्त्र, २९. ज्ञान बोध, ३०. ज्ञान योग और ३१, योगशास्त्र स्वरोदय।[१]

श्री श्रीवास्तव ने इनमें से २५ ग्रन्थों के प्राप्त होने की बात कही है। इससे यह सिद्ध है कि अक्षर अनन्य असाधारण प्रतिभा के संत थे जिनके व्यक्तित्व की छाया रसनिधि पर अवश्य ही प्रभावी रूप में पड़ी थी।

अक्षर अनन्य और पृथ्वीसिंह के पत्र

दतिया पुस्तकालय की सूची में रसनिधि के पत्र का उल्लेख पृ०

---

१. विंध्य साहित्य संकलन, पृ० १४५।

संख्या ६२ पर मिलता है। सम्भवतः ये पत्र वही हैं जिनके लेखक अक्षर अनन्य हैं, जिन्होंने रसनिधि के नाम पत्र लिखे थे। इसे अक्षर अनन्य का चिट्ठा कहा गया है।

ये चिट्ठे सेंहुड़ा में रहकर अक्षर अनन्य ने उपदेश देने के निमित्त पृथ्वीसिंह को सम्बोधित करते हुए लिखे थे। श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव ने इन चिट्ठों के सम्बन्ध में लिखा है कि इनको अक्षर अनन्य ने सिन्धु के रमणीक तट पर बैठकर लिखा था और प्रथीसिंह के पास चिट्ठी के रूप में भिजवाया था। इसी का इनके नाम अक्षर अनन्य के चिट्ठा तथा प्रथीसिंह मत प्रबोध दोनों ही मिलते हैं। इनके अतिरिक्त अलग-अलग चिट्ठे विभिन्न नाम के प्राप्त होते हैं।[1]

श्री श्रीवास्तव के अनुसार इस प्रकार के चिट्ठों की संख्या १३ है जो एक ही ग्रन्थ के भाग हैं। इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थों में महाराज प्रथीसिंह का उल्लेख नहीं मिलता।

श्री श्रीवास्तव के अनुसार नागरी प्रचारिणी सभा से जो अनन्य ग्रन्थावली प्रकाशित हुई है उसमें इसी पुस्तक के चिट्ठों को संकलित किया गया है। भ्रम से उन चिट्ठों को संपादक श्री सूर्यकुमार वर्मा तथा श्री श्यामसुन्दरदास जी ने अलग-अलग पुस्तकें मान ली हैं।

अक्षर अनन्य से रसनिधि का संपर्क

अक्षर अनन्य से महाराज पृथ्वीसिंह की भेंट का भी एक आख्यान प्रचलित है, जिसके अनुसार धामपंथ के प्रवर्त्तक महात्मा प्राणनाथ से प्रभावित होकर महाराज पृथ्वीसिंह उनके अनुयायी बनना चाहते थे। महात्मा प्राणनाथ ने यह भी प्रलोभन दिया था कि वे सेंहुड़ा (पृथ्वीसिंह के राज्य) में हीरे की एक खान का पता देंगे। महाराज के इस निर्णय से रानी को क्षोभ हुआ और उसने पत्र द्वारा ओरछा से महात्मा अक्षर अनन्य को

---

१. विंध्य साहित्य संकलन, पृ० २४२।

बुला लिया। अक्षर अनन्य के सेंहुड़ा पहुँचने पर महात्मा प्राणनाथ चले गए और महाराज अनन्य जी की बात मान गए।

एक अन्य वृत्तान्त का उल्लेख भी मिलता है, जिसके अनुसार पृथ्वीसिंह तथा उनकी रानी बहुधा ओरछे में रामचन्द्र जी के दर्शन करने के लिए आया करते थे। समय-समय पर राजदम्पति की अक्षर अनन्य से भेंट हुआ करती थी। धीरे-धीरे जब पृथीसिंह अक्षर अनन्य की विद्वत्ता और उनके ज्ञान पर मुग्ध हो गये तो उन्हें अपना गुरु मानकर सेंहुड़ा ले आये। सेंहुड़ा में सिन्धु नदी के तट पर सनकुआ नामक अत्यन्त रमणीक स्थान पर अक्षर अनन्य अपनी साधना में तन्मय होकर रहने लगे। इसका अन्त:साक्ष्य प्रभाण हमें उन्हीं की रचनाओं से प्राप्त होता है—

सिन्धु नदी बन दण्डक सो, सनकादि सनकादि सो क्षेत्र सदा जल गाजैं।
कासी सो बास घने मठ शम्भु के साधु, समाज जै बोल सदा जै।।
कोट अटूट बनो गिरिपै प्रथु सो, प्रथीचन्द नरेश विराजै।
उद्धित मंदिर तीर नदी तिहि आसन अस्थिर आछिर साजै।।

आयबो जैबो हमारो नहीं सनकादि के धाम में आसन मंडी।
तीरत देवता राज समाननि जात नहीं भूमना सब छंडी।।
विंध्य साहित्य संकलन, पृ० १३२

इस वृत्तान्त से यह सिद्ध हो जाता है कि अक्षर अनन्य पृथीसिंह के गुरु थे न कि दीवान जैसा विद्वानों ने आज तक यत्र-तत्र लिखा है।

रसनिधि की कृतियाँ

आचार्य शुक्ल ने रतनहजारा के अतिरिक्त अरिल्ल और 'मांझों का संग्रह' कृतियों की चर्चा रसनिधि के प्रसंग में की है। डॉ० स्नातक ने रतन हजारा के अतिरिक्त विष्णुपद कीर्तन, कवित्त, बारहमासी, रसनिधि-

सागर, गीति संग्रह, अरिल्ल, हिंडोला, आदि ग्रन्थों के खोज में प्राप्त होने की चर्चा की है। श्री श्रीवास्तव ने रसनिधि कृत १५ ग्रन्थों का अनुमान करते हुए नौ ग्रन्थों की नामावली प्रस्तुत की है—१. रतन हजारा, २. विष्णुपद, ३. स्फुटदोहा, ४. हिंडोरा, ५. अरिल्ल, ६. रसनिधि की कविता, ७. रसनिधि सागर, ८. रसनिधि के दोहे, और ९. रतन सागर। श्री गौरीशंकर द्विवेदी ने बुन्देल वैभव में १. कवित्त, २. बारहमासी, ३. गीत संग्रह अन्य तीन कृतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया था। अब तक केवल 'रतन हजारा' ही प्रकाशित हुआ है, जिसको आ० शुक्ल एवं डॉ० स्नातक ने 'प्रकाशित दोहा संग्रह' कहा है।

नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी द्वारा प्रकाशित हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण (सन् १९००–१९५५ ई०) के द्वितीय खंड में पृष्ठ २२१ पर रसनिधि कवि के नाम के साथ कुछ कृतियों की सूचनाएँ मिलती हैं जिनके आधार पर रसनिधि रचित बलदेव षटक, अरिल्ल और मांझ अथवा अरिल्लें, रसनिधि की कविता, रसनिधि के दोहा, दोहरा या दोहों का संग्रह तथा रसनिधि सागर[1] पृथ्वीसिंह रसनिधि की रचनाएँ हैं। वास्तव में रसनिधि की कविता एवं रसनिधि के दोहा ये दो कृतियाँ निश्चय ही रसनिधि कवि रचित किसी ग्रंथ के भाग हैं जिसे अन्वेषकों ने अपने मन से यह नाम दे दिया है।

मुक्तक-काव्य परम्परा और रसनिधि

रतन हजारा भी बिहारी सतसई की भाँति मुक्तक काव्य की प्रतिनिधि रचना है। मुक्तक मुक्त शब्द में कन् प्रत्यय के योग से बनता है जिसका अर्थ होता है अपने आप में सम्पूर्ण अर्थ-निरपेक्ष मुक्त वस्तु। ध्वन्यालोक

---

१. हस्तलिखित हिंदी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण—नागरी प्रचारिणी सभा, पृष्ठ २२१।

की लोचन टीका में मुक्तक की व्युत्पत्ति इस प्रकार की गई है—मुक्त शब्द से स्वार्थ अपने ही अर्थ में 'क' प्रत्यय लगाकर मुक्तक बनता है। मुक्त का अर्थ है बन्धन रहित अथवा स्वतन्त्र।

मुक्तकमन्येन नालिंगितं तस्य संज्ञायां कन्'

ध्वन्यालोक लोचन टीका ७७

एक अन्य विद्वान् के अनुसार मुक्तक उस द्रव्य का नाम है जो छोड़ा जा चुका हो और जिसका कलेवर छोटा हो—

मुच्यतेऽस्येति मुक्तम् ह्रस्वं द्रव्यं मुक्तकम्

आचार्य विश्वनाथ (१४ वीं श० वि०) की परिभाषा है, छन्दों में लिखे काव्य को पद्य कहते हैं, यदि वह दूसरे पद्य से निरपेक्ष हो तो मुक्तक कहलाता है—

छन्दोबद्धपदं पद्यं तेन मुक्तेन मुक्तकम्।

साहित्य दर्पण ६।३१५

मुक्तमन्येन नालिंगतं तस्य संज्ञायां कन्।

पूर्वापरनिरपेक्षेणापि हि येन रसचर्वणं क्रियते तदेव मुक्तकम्।

अगले पिछले पद्यों से जिसका सम्बन्ध न हो, अपने विषय को प्रकट करने में अकेला ही समर्थ हो, ऐसे पद्य को मुक्तक कहते हैं।"

आनन्दवर्धनाचार्य के मतानुसार:—

मुक्तकेषु हि प्रबन्धोज्ज्वलरसबन्धाभिनिवेशिनः कवयो दृश्यन्ते। यथा ह्यमरुकस्य कवेर्मुक्तकाः शृंगारस्यन्दिनः प्रबन्धायमानाः प्रसिद्धा एव।

एक ग्रन्थ में जिस रस-स्थापना का पूरा प्रबन्ध कवि को करना पड़ता है वही बात कवि को एक मुक्तक में लाकर रखनी पड़ती है। जिस प्रकार

अमरुक कवि के मुक्तक श्रृंगार रस-प्रवाह के कारण प्रबन्ध की समता प्राप्त करने में प्रसिद्ध है। मुक्तक में अलौकिकता लाने के लिए कवि को अभिधा से बहुत कम और ध्वनि-व्यंजना से अधिक काम लेना पड़ता है, यह उसके चमत्कार का मुख्य केन्द्र है। अग्निपुराण में मुक्तक के लिए लिखा है 'मुक्तक : श्लोक एवैकश्चमत्कारक्षमः स्वयम्' अर्थात् मुक्तक उस रचना को कहते हैं जो अपना अर्थ व्यक्त करने के लिए स्वतः समर्थ हो।"

उपर्युक्त आचार्यों के मतानुसार यह निश्चित हो जाता है कि एकाकी भावपूर्ण छन्द ही मुक्तक है। मुक्तकों को प्रभावी के बनाने के लिए रस, और व्यंजना का निर्वाह सामासिक पद-रचना के साथ-साथ किया जाता है। मुक्तक काव्य गुणों से युक्त वह कृति है जिसके लिए सहायक छन्दों की आवश्यकता नहीं होती।

मुक्तक काव्य के प्रमुख छन्द

मुक्तक की चर्चा के उपरान्त मुक्तक काव्य परम्परा में प्रयुक्त छन्दों की चर्चा करना भी आवश्यक है। गाहा प्राकृत कवियों का प्रिय छन्द रहा है। 'गाहा सतसई' और 'वज्जालग्गं' में यह छन्द प्रयुक्त हुआ है। आचार्य गोवर्द्धन तथा आचार्य विश्वेश्वर कृत आर्या सप्तशतियों में आर्या छन्द का प्रयोग किया गया है। प्राकृतिक पैंगलम् ने आर्या को गाहो (गाथा) का संस्कृत रूपान्तर बताया है। ये दोनों ही छन्द दो पंक्तियों वाले दोहा सदृश छोटे छन्द हैं। अमरु शतक में शार्दूल विक्रीडित छन्द का प्रयोग हुआ है। हिन्दी के मुक्तक साहित्य के बहुप्रचलित छन्द हैं—चौपाई, दोहा, सोरठा, रोला, कुण्डलिया, हरिगीतिका, छप्पय, चवपैया, झूलण, चौपाई, सवैया तथा कवित्त आदि।

मुक्तक काव्य में दोहे की परम्परा

दोहा का सर्वप्रथम प्रयोग किस काव्य-कृति में हुआ था, इस सम्बन्ध

में भी साहित्यिकों ने विचार किया है। विद्वान् अब तक यह मानते रहे हैं कि विक्रमोर्वशीयम् के चतुर्थ अंक में प्रथम बार दोहा छन्द प्रयोग में लाया गया था। विक्रमोर्वशीयम् का वह छन्द है—

मइंजाणिअं नियलोयणी, णिसयस कोइ हरेइ।
जावण णव जलि सामल धाराहरु बरसेइ।

किन्तु ९ वीं शताब्दी के आरंभ में सिद्ध सरहपा द्वारा दोहा छन्द प्रथम बार प्रयोग में लाया गया था।

हिन्दी संत साहित्य में दोहा छन्द साखियों के रूप में आया है। विद्वानों का विचार है कि साखी साक्षी का अपभ्रंश स्वरूप है। दोहा और साखी एकार्थक हैं। सम्भवतः सिद्धों को इस शब्द का ज्ञान था। "साखि करब जालंधर पाए" पंक्ति में जालंधर को साक्षी करने का उल्लेख आया है। गोरख-पंथियों से प्रभावित होकर यह शब्द कबीर-पंथियों की रचनाओं में आया और बाद के साहित्य में दूहे का अर्थ भी साखी ग्रहण किया गया। 'हिन्दी साहित्य कोश' (पृ० ३४३)।

प्रसिद्ध बौद्ध सिद्ध योगीन्द्र रामसिंह तथा देवसेन ने दोहा छन्द का प्रयोग उपदेशों के लिए किया था। हेमचन्द्र के व्याकरण ग्रन्थ के अतिरिक्त काव्य शास्त्रीय ग्रन्थों में दोहा छन्द उदाहरणों में प्राप्त होता है। स्वयंभू के पउमचरिउ में भी यह छन्द प्राप्त है और अन्य काव्य-परंपराओं के साथ हिन्दी में अपभ्रंश से आया है। संख्यामूलक कोष-काव्यों यथा सतसई, बावनी, चौपनी आदि में यह व्यापक रूप से प्रयुक्त हुआ है और साथ ही मुक्तक पद-परम्परा के अतिरिक्त प्रबन्ध काव्यों में भी उसका प्रयोग पद्मावत और श्री रामचरित मानस आदि प्राचीन ग्रन्थों में मिलता है। रीति काव्यों में लक्षण और उदाहरण दोनों रूपों में इसका व्यापक प्रयोग किया गया है। मध्यकालीन कवि इस छन्द पर कितने आकृष्ट थे इसका उदाहरण रहीम द्वारा प्रस्तुत इस प्रशंसात्मक सूक्ति में मिल जाता है—

रूप कथा पद चारु पर, कंचन दोहा लाल।
ज्यों ज्यों निरखत सूक्ष्मगति, मोल रहीम विशाल।

विहारी सतसई आदि की पृष्ठभूमि में प्राकृत और संस्कृत का सप्तशती या सतसई साहित्य का और उनमें दो दलों वाले लघु छन्द का प्रयोग किया गया था अतएव उसी परम्परा में विहारी ने भी दोहा और सोरठा छन्दों का प्रयोग सतसई में किया था। वाद में इस परम्परा का निर्वाह अनेक कवियों ने किया। रसनिधि के रतन हजारा में भी सर्वत्र दोहा छन्द मिलता है, केवल कुछ स्थलों पर विहारी की भाँति इस कवि ने भी सोरठा छन्द का व्यवहार किया है।

मुक्तक कोष और उसका स्वरूप

मुक्तक काव्य रूप के संग्रह के सम्बन्ध में भी साहित्य दर्पण में आचार्य विश्वनाथ ने विचार किया है कि परस्पर निरपेक्ष श्लोक-समूह को कोष कहते हैं। यह यदि व्रज्या (वर्णमाला) के क्रम से बने तो अतिसुन्दर होता है। वस्तुतः कोष का यह लक्षण ठीक नहीं। सुभाषितावली आदि पद्य संग्रहों में यह अतिव्याप्त है। सजातीयों के एक स्थान में सन्निवेश को व्रज्या कहते हैं। (साहित्य दर्पण ६।३२९)

व्रज्या या वर्णक्रम पर आर्या सप्तशती में आर्याओं का संकलन किया गया है। विहारी सतसई की रसचन्द्रिका टीका में भी सतसई के छन्दों को यही क्रम दिया गया है। बिहारी, मतिराम आदि की कृतियों की भाँति ही रतन हजारा के छन्दों का संकलन व्रज्या क्रम में नहीं है। रतन हजारा में विषय-विभाजन करके कवि ने एक प्रकार के छन्दों को कई शीर्षकों में विभक्त कर गुलमवत सजाया है।

कवि-कृति की इस क्रम-व्यवस्था से पाठक को उस प्रकार का उलझाव नहीं होता जैसा विहारी सतसई के मूलक्रम को पढ़ते समय होता है जिसमें कवि ने मन की तरंग के अनुसार छन्दों का प्रणयन करते हुए ग्रन्थ में एक प्रकार के छन्द को एक साथ न प्रस्तुत करके क्रमहीन रूप में प्रस्तुत किया है।

हिन्दी हजारा काव्य

सतसई, शतक आदि की भाँति ही हजार छन्दों के संकलन को 'हजारा' की संज्ञा प्रदान की गई है। संभावना यह भी है कि इस प्रकार के संकलन की पृष्ठभूमि में सहस्रनाम स्तोत्रों की संख्या का आदर्श भी प्रेरक रहा हो। क्योंकि प्राचीन संस्कृत साहित्य में सहस्रनामों की विस्तृत परम्परा मिलती है।

हिन्दी में हजारा ग्रन्थों की संख्या सतसइयों की तुलना में कम है। साहित्य के इतिहासों में कुछ हजारों का ही उल्लेख मिलता है। छत्रप्रकाश के रचयिता गोरेलाल लालकवि[1] (संवत् १७१५–१७६७ वि०) कृत छत्रहजारा तथा भूषण[2] (रचना काल सं० १७३० वि०) रचित भूषण हजारा का उल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु दोनों ही कृतियां अप्राप्त हैं।

श्री टीकमसिंह तोमर ने जयपुर-नरेश सवाई प्रतापसिंह जी के आश्रित तथा काव्यगुरु गणपति भारती (सं० १८३५–१८६० वि०) के वीर हजारा को वीररस की दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय कहा है।[3] प्राचीन सुभाषित कोष-संग्रहों की परम्परा का भी स्वरूप हजारा काव्य-परम्परा में मिलता है। कालिदास और हफीजुल्ला खाँ दो कवियों के हजारों में अनेक प्राचीन कवियों के छन्दों को संकलित किया गया है। दोनों ही संग्रहकर्त्ता मौलिक कवि भी थे। कालिदास त्रिवेदी की मौलिक रचनाएँ हैं 'वधू विनोद' और 'जंजीरा'। इसी भाँति हफीजुल्ला खाँ की मौलिक और संकलित कृतियों में हैं—१. नवीन संग्रह, २. मनमोहनी, ३. महिपालसिंह सरोज, ४. प्रेमतरंगिणी, ५. रसिक संजीवनी ६. षट्ऋतुकारक संग्रह आदि।

कालिदास हजारा का महत्त्व स्थापित करते हुए डा० किशोरीलाल गुप्त ने लिखा है—

---

१. हिन्दी साहित्य (द्वितीय खंड)—सं० डा० धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ १७०
२. वही, पृ० १६६
३. वही, पृष्ठ १७४

'कालिदास का हजारा' शिवसिंह सरोज़ के प्रमुख आधार-ग्रन्थों में से एक है। शिवसिंह ने 'सरोज' में ८६ कवियों के परिचय में कहा है कि 'इनके कवित्त हजारों में हैं।' इनमें से अधिकांश के उदाहरण उन्होंने हजारा से ही लिए होंगे। इन ८६ कवियों के अतिरिक्त भी बहुत से ऐसे कवि होंगे, जिनकी रचना उन्होंने कालिदास के हजारे से ही ली होगी और इन ८६ कवियों के ही समान जिनका समय-निरूपण उन्होंने इस हजारा के आधार पर ही किया होगा, पर जिनका उल्लेख उन्होंने नहीं किया। इस संग्रह में २१३ कवियों के १००० कवित्त हैं। जीवनचरित्र खण्ड में इनकी कालावधि संवत् १४८० से सं० १७७५ तक मानी गई है। सरोज के भूमिका खंड में ग्रन्थ का रचनाकाल सं० १७७५ स्वीकार किया गया है। शिवसिंह ने सैकड़ों कवियों का समय-निरूपण कालिदास हजारा के आधार पर किया है।[१] कालिदास हजारा का रचनाकाल सं० १७५० से १८०० के बीच डा० गुप्त ने अनुमानित किया है।

कालिदास हजारा के बाद महत्त्वपूर्ण संग्रहग्रन्थ है हफीजुल्लाँ खां का हजारा। इस कृति का पंचम संस्कार सन् १९१५ ई० में मुंशी नवलकिशोर के छापेखाने से छपा था। ग्रन्थ में दिये गये वक्तव्य के अनुसार इस किताब की रजिस्ट्री १६ सितम्बर सन् १८८६ ई० में हुई थी। अर्थात् यह संकलन सन् १८८६ के पूर्व तैयार किया जा चुका था। हफीजुल्ला खाँ अफगान मुसलमान थे और उन्होंने हरदोई जिले के बघौली स्थान पर अफसर मुरिस का कार्य किया था। संकलन-कर्त्ता का इस संकलन के विषय में कथन है कि यह संग्रह बड़े परिश्रम से सैकड़ों काव्य इकट्ठा कर उनमें से छाँट-छाँट कर दो भागों में निर्मित किया जिसके प्रथम भाग में १०२३ व द्वितीय में ११६२ चुने हुए कवित्त-सवैया ऐसे-ऐसे अत्युत्तम छन्द लिखे हैं।[२]

---

१. 'कालिदास का हजारा' नागरी प्रचारिणी पत्रिका 'मालवीय शती विशेषांक' सं० २०१८ वि०, पृ० २७६

२. हफीजुल्ला खाँ का हजारा (पंचम संस्करण), पृ० ४।

रीतिकालीन प्रसिद्ध-अप्रसिद्ध कवियों की कविताओं का यह भी सुन्दर संग्रह है।

कालिदास और हफीजुल्ला खाँ के हजारा को देखने से ज्ञात होता है कि उपर्युक्त दोनों संकलनों का उत्स किसी न किसी रूप में संस्कृत सुभाषित-संग्रह ही हैं, जिनमें प्राचीन संस्कृत कवियों की कृतियों का संकलन किया गया है। इस दृष्टि से विद्याकर का सुभाषित रत्नकोश महत्वपूर्ण संकलन है।

रसनिधि का रतन हजारा पूर्णरूपेण कवि की मौलिक कृति है। इसका यह रूप रीतिकालीन सतसई परम्परा के संख्यामूलक विस्तार को द्योतित करता है। सतसई में शतक आदि की भाँति ही कवि ने अपने मुक्तकों के सुन्दर गुल्मों से इस संकलन को सजाया है। गोरेलाल कृत 'छत्रहजारा' और भूषण रचित 'भूषण हजारा' की अप्राप्ति और उनके निश्चित रचना-काल के ज्ञात न होने के कारण महाराज पृथ्वीसिंह रचित यह हजारा कृति प्रथम मौलिक 'मुक्त का हजारा' काव्य-कोष की गरिमा स्वतः पा जाता है। वास्तव में रसनिधि का रतन हजारा ही लोकप्रिय भी हुआ। क्योंकि इसका प्रकाशन संवत् १९४९ (१८९२ ई०) में ही हो चुका था।

काव्य-रसिक नरेशों की परम्परा--

संस्कृत साहित्य में हर्ष, राज्यपाल, मुंज और भोज राजा और कवि दोनों ही थे। हिन्दी को भी कुछ नरेशों के कृतित्व का संबल मिला था। महाराज जसवंतसिंह, महाराज मानसिंह, नागरीदास, सवाई प्रतापसिंह, महाराज रघुराजसिंह, महाराज विश्वनाथसिंह, द्विजदेव आदि ने हिन्दी काव्य साहित्य को समृद्ध एवं परिपुष्ट किया था। महाराजाधिराज का विरुद धारण करनेवाले ने रसनिधि नाम से इस परम्परा का निर्वाह किया था।

—o—o—

पाठ-समस्या

रतन हजारा की प्रतिलिपियाँ

सभा के खोज विवरणों में रतन हजारा की दो प्रतियों की और भी सूचना प्राप्त होती है। 'हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण' के द्वितीय खंड में 'रतन हजारा' की निम्नलिखित सूचना दी गई है—

रतन हजारा (पद्य) पृथ्वीसिंह (राजा) उप० (रसनिधि कृत) वि० प्रेम विषयक १००० दोहे।

(क) लि० का० सं० १८९४।

प्रा० महाराज बनारस का पुस्तकालय, रामनगर (वाराणसी)।

०३—९४।

(ख) लि० का० सं० १९०८।

प्रा० श्री गुमानसिंह, सूपा, डा० कुलपहाड़ (हमीरपुर)।

२६—४०२

बाबू श्याम सुंदरदास द्वारा संपादित एनुअल रिपोर्ट आन द सर्च फार हिन्दी मैनुस्क्रिप्ट्स १९०३ के खोज-विवरण में ऊपर वर्णित (क) प्रति का विवरण पृष्ठ ६३ में इस प्रकार दिया गया है।

नं० ९४—रतन हजारा वर्स। सब्सटैन्स—कन्ट्रीमेड पेपर। लीव्ज—९१। साइज़ $9\frac{3}{4} + 6\frac{3}{4}$ इंचेज। लाइन्स १३ आन ए पेज। इक्सटेंट १,००७ श्लोकाज़। अपियरेन्स आर्डीनरी। कम्प्लीट। करेक्ट। कैरेक्टर—देवनागरी। प्लेस आफ डिपाजिट—लाइब्रेरी आफ दि महाराजा आफ बनारस।

रतन हजारा—ए कॅलेक्शन आफ वन थाउजेंड कॉप्लेट्स बाइ रसनिधि। नथिंग मोर इज़ नोन एबाउट दिस पोएट। दि मैनुस्क्रिप्ट इज़ डेटेड संवत् १८९४ (१८३७ ए० डी०) :—

बिगनिंग—श्री गणेशायनमः।। श्री सरसुती दैव्यै नमः।।दोहा।। लसत सरस सिंधुर बदन भालथली नषतेस। विघनहरन मंगलकरन गवरी तनय गनेस।।१।। नमो प्रेम परमारथी यह जाचत हौ तोहि।। नंद-लाल के चरन सौं दै मिलाइ किन मोहि।।२।। नमो प्रेम जिनै कियौ दिय लग आइ प्रकास। रगरत वासी नाक गो नाक गोपकन पास।।३।। निसिदिन गुंजत रहत ये विरद गरीब निवाज। हे निज मधकुर सुतन की कमल नैन तुहि लाज।।४।। वरन मधुर सुंदर अरथ हरि सौहित निर-धार। रसनिधि सागर मथ लये दोहा रतनहजार।।५।।

एन्ड—अधम उधारन प्रभु कहूं करतों जो न सम्हार। हो तो मोसौ पतित क्यों या भवसागर पार।।९७४।। हेरत कहूं जु दोन तन वाहि आवती लाज। प्रीतम तैं व कहावतौ दीन बंद ब्रजराज।।९७५।। जदपि अकरनी हू करी मै हर भांति मुरारि। प्रभु करिनी करि आवही हरिविधि लेहु सुधारि।।९७६।। कहँ अलप मति कौन विधि तेरे गुन विस्तार। दीनवंध प्रभु दोन कौ लै हरि विधि निस्तार।। ९७८।। इतिश्री महाराजाधिराज श्री रसनिधि कृत रतन हजारा संपूर्न।। श्रीरस्तु मंगलं ददात्।। कार्तिक शुक्ल।। संवत्।। १८९४।। श्रीराम।। श्रीराम।।

सब्जेक्ट—प्रेम रस दोहे।

नोट—ग्रंथकर्ता महाराज रसनिधि हैं। लिपिकाल कार्तिक शुक्ल ३ संवत् १८९४ है।

स्व० डा० हीरालाल द्वारा संपादित 'खोजविवरण' खोज में उपलब्ध हस्तलिखित हिन्दी ग्रंथों का त्रयोदश त्रैवार्षिक विवरण सन् १९२६-१९२८ ई० में पृष्ठ ५८१ पर ऊपर उल्लिखित (ख) प्रति का विवरण इस भाँति प्रस्तुत किया गया है:—

संख्या ४०२ रतन हजारा, रचयिता रसनिधि, कागज देशी, पत्र-१६०, आकार—१२×६ इंच, पंक्ति (प्रतिपृष्ठ) २४, परिमाण (अनुष्टुप्)—१०४४, पूर्ण, रूप—प्राचीन, पद्य, लिपि—नागरी, लिपिकाल—सं०१९०८

(१८५१ ई०) प्राप्ति-स्थान---श्रीगुमानसिंह, ग्राम---सूपा, डाकघर—कुलपहाड़, जिला—हमीरपुर (बुंदेलखंड)।

आदि—श्री गणेशायनमः।। अब रतन हजारा लिष्यते ।।दोहा।। लसत सरस सिंधु वदन भालथली नव तेस।। विघन हरन मंगलकरन गौरी तनय गनेस।। नमो प्रेम परमारथी इहि जाचत हौं तोहि। नंदलाल के चरन कौ दे मिलाइ किन मोहि।। नमो प्रेम जिहि ने कियो हिय लग आइ प्रकास। रंग रत वासी नाक कौ कान्ह गोपकन पास।। निसदिन गुजत रहत जे विरद गरीब निवाज। है निज मधुकर सुतुन की कमल नैन तुहि लाज।।

अंत—प्रभुकरनी कर आपनी सब विधि लेहु सुधार। कहै अल्प मति कौन विधि तेरे गुन विस्तार।। दीन बंधु प्रभु दीन कौ लै हर विधि निस्तार।। इति श्री रसनिधि कृत रतन हजार संपूर्णम शुभमस्तु माघ वदी दशमी, संवत् १९०८ वि०।

विषय—कवि का श्री कृष्ण भगवान का निहोर आदि वर्णन।

खोज-विवरण की इन दो प्रतियों के अतिरिक्त रतन हजारा की कई महत्त्वपूर्ण प्रतियों की सूचना 'दतिया राज पुस्तकालय' की सूची में मिलती है। इसके अतिरिक्त 'बुंदेलखंड वैभव' में भी एक प्रति की चर्चा लेखक ने की है।

प्रस्तुत संपादन की आधार-प्रतियाँ ('भा', 'प्र', तथा 'द')

ऊपर उल्लिखित प्रतियों का उपयोग प्रस्तुत संपादन में नहीं किया जा सका है। जिन प्रतियों का उपयोग इस सम्पादन में संभव हो सका है वे क्रमशः निम्नलिखित हैं:—

'भा' प्रति—'भा' प्रति भारत जीवन प्रेस द्वारा सन् १८९२ ई० में प्रकाशित हुई थी, जिसको बाबू जगन्नाथ प्रसाद ने 'शोधा' था। यह बात संपादक श्री रामकृष्ण वर्मा के वक्तव्य से ज्ञात होती है। जिस प्रति से यह संस्करण प्रकाशित हुआ था उसके आदि में मात्र इतना लिखा है—

३

'श्रीगणेशायनमः'। अथ रतन हजारा प्रारंभः"। पुष्पिका में प्रतिलिपि-कार ने लिखा है—इति श्री रसनिधिकृत रतनहजारा सम्पूर्णम्। शुभमस्तु मंगलं ददातु॥ श्री राधाकृष्णाभ्यां नमः। पौषबदी ७ रवौ सम्वत् १९४९ मुकाम श्री महाराज नगर चरखारी, लिखितं पं० कोटिया नारायण दास श्री बाबू साहब जगन्नाथ प्रसादाज्ञानुसार।

चात्रिक लीनै करन पै, गबहा पर असवार।
लपा सहित प्रभु तीन हूं, रक्षा करें तुम्हार॥

इसकी पाद-टिप्पणी में सम्पादक ने महत्त्वपूर्ण शब्दों के अर्थ दिए हैं। कहीं-कहीं पर विशिष्ट अर्थ के लिए भी टिप्पणी प्रस्तुत की गई है।

'प्र' प्रति—प्रतिलिपिकार प्रभाकर जी भट्ट के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर इस प्रति का नाम 'प्र' प्रति रखा गया है। यह प्रति संप्रति हिंदी संग्रहालय, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के संग्रह में संख्या २७०१, वेष्टन संख्या १४९० में अनुसूचित एवं संगृहीत है। इसके साथ कुलपति मिश्र कृत 'युक्ति तरंगिणी' की वंशीधर भट्ट द्वारा की गई महत्त्वपूर्ण प्रति-लिपि भी एक ही जिल्द में है। यह प्रति श्री कमलाकर जी 'कमल' जयपुर से सम्मेलन संग्रहालय को भेंट स्वरूप सन् १९५१ में प्राप्त हुई थी। प्रति-लिपि-काल पुष्पिका के अनुसार सं० १९३० वि० है। प्रारंभ में संस्कृत की एक कृति 'श्रीमद्वैकुंठनाथ नवरत्नम्' की प्रतिलिपि है। तदन्तर युक्ति तरंगिणी एवं इसके उपरांत नवरस रंग की सुलिखित पूर्ण प्रति है। ६६×८ पृष्ठों में संपूर्ण पाठ प्रतिलिपिकार ने ८×४ इंच आकार के पृष्ठों में लिपिबद्ध किया है। प्रतिलिपि के आदि के भाग में लिखा है—श्रीगणेशायनमः॥ अथ रतन हजारा लिष्यते ॥दोहा॥ लसत सरस सिंधुर वदन भालथली नषतेस॥ विघन हरन मंगल करन गवरी तनय गनेस॥१॥

पुष्पिका इस प्रकार है—इति श्री रसनिधि कृत रतन हजारा॥ संपूर्ण समाप्त॥ सुभं भवतु॥ मंगलं॥ वैसाष क्रस्न पछै तिथौ १२

बुध्धै संवत् १८९० जिस पोथी से नकल करी जिसका संवत और मिती है कार्तिक सुद १४ संवत् १९३० मुकाम सवाई। जैपुर लिषतं प्रभाकर जी भट्ट बेटा वंशीधर कवीश्वर के नै लिषा ।। सुभ भवतु।। कल्याणमस्तु ।।

'द' प्रति——दतिया-निवासी सुप्रसिद्ध साहित्यिक श्री वासुदेव गोस्वामी के प्रयास से यह प्रति इस संपादन के निमित्त विशेष रूप से प्राप्त हुई है। अब यह प्रतिलिपि भी हिंदी संग्रहालय, हिंदी साहित्य सम्मेलन के पाण्डुलिपि-संग्रह में उपलब्ध है। इस प्रति का आदि और अंत का भाग खंडित भी है। बीच-बीच के पृष्ठ भी फटे हुए हैं। इस प्रतिलिपि के साथ प्रारंभ में संवत् १८८८ की 'बिहारी सतसई' की भी प्रतिलिपि है। इसके बाद रतन हजारा की ६४×२ पृष्ठों में प्रतिलिपि है। अंतिम पृष्ठों में रसनिधि कृत अरिल्ल संगृहीत है।

'क' प्रति——कन्हरगढ़ (सेवढ़ा) दतिया निवासी श्री बाबूलाल गोस्वामी के संग्रह में रतनहजारा की संवत् १९१६ की प्रति है, जिसकी पृष्ठ संख्या ६४ तथा आकार १०×७ इंच है। इस प्रति का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका है। किन्तु छंदों की पाठ-समस्या के निराकरण के लिए इस प्रति के पाठ का भी उपयोग किया गया है। गवर्नमेंट डिग्री कालेज दतिया के आचार्य डा० शिव शरण जी शर्मा ने परिश्रमपूर्वक निम्नलिखित संख्याओं के छंदों के पाठ को उतार कर भेजा है जिसका अनेक चिंत्य-स्थलों के पाठों पर पुनर्विचार किया जा सका है।

'क' प्रति के जिन छंदों से पाठ-निर्णय में सहायता ली गई है वे इस प्रकार हैं——२, ३, ७, १४, १७, २६, २७, ३०, ३९, ४२, ४५, ७५, ७६, ८०, ८२, ८३, ८९, ९०, ९४, ९६, १०४, १०७, १११, १२१, १२९, १३१, १३४, १३५, १३८, १४०, १४५, १५८, १८०, १८१, १९२, १९८, २०९, २२६, २३२, २४५, २५३, २६३, २६४, २८०, २८२, २८३, २८४, २८६, २८८, २८९, ३०६, ३७३, ३९१, ४०२, ४०४, ४३४, ४६१, ४६६, ४८१, ४८३, ५४५, ५७०, ५८७, ६१८, ६५३,

६६१, ६८१, ६८२, ७०४, ७०५, ७४३, ७८५, ७६४, ७९१, ८८१, ९०१, ९०९, ९१३, ९५५ तथा ९५७—कुल ८० छंद

आदि—इस प्रति के आदि का पृष्ठ फटा हुआ है। इसमें केवल एक कोने के भाग में 'श्रीगणेशायनमः अथ आदि लिखा है। पुष्पिका भाग में १००१ संख्यक दोहे के बाद मात्‌ 'इते रसनिध हजारा सं० पूः लिखा है। इस प्रति में कुछ लेख संबंधी विशेषताएँ हैं, उनका समावेश प्रस्तुत संपादन में नहीं किया गया है विशेष रूप से 'ईकारांत' रूप का बाहुल्य प्रति में अनावश्यक रीति से अत्यधिक हुआ है, वह रूप रखने से पाठ का स्वरूप बिगड़ता है एवं छंद में मात्रा की वृद्धि भी हो जाती है। यह लेखन संबंधी आंचलिक विशेषता है जो प्रायः प्राचीन प्रतिलिपि में मिलती है। 'द' प्रति में प्रायः 'ईकार' रूपों को यथास्थान इकार कर दिया गया है, यथा——

द प्रति का पाठ		स्वीकृत पाठ
जीय	<	जिय
हीय	<	हिय
करीयतु	<	करियतु
ईन्है	<	इन्है
नही	<	नहि
कीयै	<	कियै
कीजीयै	<	कीजियै
आपुही	<	आपुहि
सुनीयौ	<	सुनियौ
आई	<	आइ
कीयौ	<	कियौ

इसी भाँति व्रज को विर्ज आदि ब्रह्म को बिम्र्ह घनस्याम को घंस्याम लिखा गया है। हमने इन सब को मान्यता नहीं दी है।

रतन हजारा की छंद संख्या—रतन हजारा में कुछ छंद दो स्थानों पर मिलते हैं। (१) १८३–४६७, (२) ३९५–४७१, (३) ८१९,–८५८, (४) ३६८–४७६, (५) ४४९–६१८, (६) ३९८–६१६, (७) ४३२–५५१, (८) २६४–८२१, (९) १५५–४५२, (१०) ३२०–७६८, (११) १९९–२५४ तथा (१२) २९१–४२५ संख्यक दोहे एक ही हैं जो दो स्थानों पर एक साथ मिलते हैं। इसी भाँति छंद १६५ तीन शीर्षकों के अंतर्गत रूप, छबि और नेत्र के अंतर्गत मिलता है। इसी भाँति यह छंद ४५६ तथा ५१६ संख्याओं पर भी है। इस प्रकार रतन हजारा की वास्तविक संख्या एक हजार नहीं है वरन् कुल ९८६ हैं। इस संपादित संस्करण में वह संख्या १००१ है। मूल छंद एवं दुहराए हुए छंदों का योग ही इस कृति को हजारा का रूप प्रदान करता है।

क्रम-विपर्यय—पाठ और क्रम की दृष्टि 'द' प्रति को प्रामाणिक माना गया है। इस आधार पर 'भा' और 'प्र' प्रतियों में छंदों के क्रम में साधारण परिवर्तन मिलता है। इस प्रकार की स्थिति 'प्र' प्रति में २४८–२४९, ५१२–५१३, तथा ६१२-६१३ छंदों में मिलती है जिसमें कि छंद क्रमशः आगे-पीछे हो गए हैं। इसी प्रकार की स्थिति प्रति 'भा' में भी है। ३२-३३, २३०–२३१, २३९–२४०, ५६१–५६२, ८२८–८२९, ९०२–९०३, तथा ९१९–९२० में छंदों का क्रम परिवर्तित हो गया है। इसी भाँति छंद ८९३, तथा ८९४ 'भा' प्रति में क्रमशः ८८० तथा ८८१ पर तथा छंद ६७८ –६७५ के बाद मिलते हैं।

इसी भाँति कुछ छंदों की प्रथम पंक्ति द्वितीय पंक्ति के स्थान पर प्रतिलिपिकारों की भूल से आ गई है, यथा—'भा' प्रति में छंद सं० १७०, ५६४ तथा ९७१ एवं 'प्र' प्रति में छंद ३९९ में पंक्तियों का विपर्यय मिलता है।

पाठ-लोप—रतन हजारा की तीनों प्रतिलिपियों में कुछ छंद छूट गए हैं। प्रति 'भा' में छंद ४५३, ४५४, ६२० तथा ८९५ एवं प्रति 'प्र'

में छंद १६, १४५, ३६६, ४८८, ५१९ तथा ७४५ लुप्त हैं। छंद ७९१ समान रूप से 'भा' और 'प्र' दोनों प्रतियों में नहीं है। प्रति 'द' में छंद ९९४ प्रतिलिपिकार के दृष्टि-भ्रम के कारण छूट गया है। छंद ९९४ तथा ९९५ के प्रथम अंश का पाठ क्रमशः है। "अधम उधारन विरद कौ" तथा "अधम उधारन विरद तुव"। अतएव एक ही प्रकार से प्रारंभ होने वाले दो छंदों में से एक प्रतिलिपिकार की दृष्टि से छूट गया। छंद सं० ५८ तथा ६२ प्रति 'द' में उपलब्ध नहीं है। 'द' प्रति में छं० २३५ की द्वितीय पंक्ति लुप्त हो गई है, उसके स्थान पर छं० २३६ की प्रथम पंक्ति को मिला कर प्रतिलिपिकार ने एक छंद की सृष्टि की है। छंद सं० २३५-२ तथा छं० सं० २३६-२ के लोप हो जाने से 'द' प्रति में एक छंद का लोप मिलता है। 'द' के प्रतिलिपिकार से छं० सं० ८८९-२ का पाठ भी छूट गया है।

'द' प्रति की खंडितावस्था के कारण अनेक छंदों के पाठ का मिलान उस प्रति से नहीं हो पाया है। इस प्रकार के छंद कई पृष्ठों के नष्ट हो जाने से काफी संख्या में हैं। यथा—छं० सं० १–१४, ३१३–३२८, ३६०-२ (उत्तरार्ध)—३९४-१ (पूर्वार्ध); ४३६-२—४५८, ५७७.१–५९१.२ (उत्तरार्ध), तक के छंदों के पाठ अनुपलब्ध हैं।

प्रक्षिप्त छंद—निम्नलिखित दो छंद जो कि केवल 'भा' प्रति में प्राप्त हैं उन्हें प्रामाणिक नहीं माना गया है—

(क) नंद महर के बगर तन अब मेरै को जाइ।
नाहक कहूँ गड़ि जाइगौ हित काटौ मन पाइ॥
(भा० २०७)

(ख) दुरखी आवत काम ज्यों तापर एक कमान।
दुरखी बरखी जात है प्रीतम प्रीति निदान॥
(भा० ६८२)

इन दो छंदों में प्रथम छंद न तो प्र और द प्रतियों में प्राप्त है और नहीं

रतनहजारा के क्रमगत विषय-विभाजन की दृष्टि से ही ठीक स्थान पर है। शिखनख वर्णन के छंदों के बीच में मुख एवं तिल वर्णन के बीच में पूर्वानु-राग शीर्षक से यह छंद है। रचना की व्यवस्था के स्वरूप को देखते हुए इस छंद की स्थिति निश्चित रूप से भ्रमपूर्ण है। इसी भाँति ख छंद भी दोनों प्राचीन प्र, और द प्रतियों में उपलब्ध नहीं है, अतएव इसे भी प्रक्षिप्त माना गया है यद्यपि यह छंद प्रीति वर्णन के अंतर्गत भलीभाँति समाविष्ट किया गया है।

प्रमुख पाठांतर—मात्रा भेंद या लोप के कारण प्राप्त पाठांतरों की संख्या प्रचुर है। यथाशक्य उन पाठांतरों को पाद-टिप्पणी के रूप में रखा गया है। अक्षरों के विपर्यय, लोप या परिवर्तन से होने वाले पाठां-तरों को भी यथास्थान संकेतित कर दिया गया है। प्रतिलिपिकारों द्वारा कई स्थानों पर विचित्र एवं अप्रामाणिक पाठ भी प्रस्तुत हुए हैं। इस प्रकार के पाठ छंद के फल अर्थ को वदलने में सहायक होते हैं। रतन हजारा में इस प्रकार के महत्त्वपूर्ण पाठांतर निदर्शनार्थ प्रस्तुत हैं—

स्वीकृत पाठ	प्रति का पाठ
करदीनी तुव रूप नै द्रगन सुछबि तन षाह १७२.१	कहिदीनी तुव रूप नै धुनि सुनि छवि तष्याह 'प्र'
जोबन रावन रावनौ १३१.१	जोबन ये बन ये बनौ 'भा'
झलकन की द्रुति है रहै बिचतिह पलकन आइ ७०५. २	झलकत जलकन की रहै बिच नहि पलकन आइ 'भा'
तन भूमि करत ततबीर १३२.१	कै भूसर कर ततबीर 'भा'
ताकौ राषत राधिका ७६८.२	घनराधे राषत तिन्है 'भा'
थकित ह्वैं रहे पथिक जिय, हस्त, चरन, मुष बैन ७९४.२	थकित रहै वाही पथिक जिगह सांच मुख चैन 'भा'
दिन कर बिरह चकोर कौ मैंट निसा कौ दाउ ९७४.२	दिनकर बिरह चकोर कौ मैट न सकि हौ दाव 'भा'

स्वीकृत पाठ	प्रति का पाठ
द्रेषन इन्हैं न न देत ही इहि २५८.१	देखत नैनन देखती यह भा'
नींद आदरत है तुहै २७७.१	नींद निरादर देत है 'भा'
मन सौदागर नैं कियै बहुत नहेर पसंद ४३५.१	मन सौदाकर नै कह्यो यही है बहुत परसंद 'भा'
मेघ नए उनए लषै नए नए चितचाइ ८९२.१	मै घन में उनये लखै नये नये चित चाइ 'भा'
मौहन मन द्रग कर निकर २९.२	मोहन दृग कने (?) करनिकै 'प्र'
मौहन हारौ आपुतौ जोहन हारौ आपु। पोहन हारौ आपु तौ मन मानिक पुनि आपु। ५७	मोहन हारौ आपु ही मनमानिक पुनि आपु। पोहन वारौ आपुही जोह निहारी आप 'भा'।
मृदु मुसिकन मैं कर लियै तैने ही द्रिग बंद ७१२.१	मृदु बिहंसन मुसक्यान में कर ने ही दृग बंद 'भा'
रंगरत वासी ३.२	रंग रस बारसी 'प्र'
प्रवस बसत ते चित्त नगर ७.१	सुवस वसत चेतन नगर 'प्र'

'प्र' प्रति में प्रतिलिपिकार के द्वारा अनेक स्थलों पर पाठ का भ्रम-पूर्ण विश्लेषण होने के कारण विचित्र-विचित्र पाठ मिलते हैं। इस प्रति की प्रतिलिपि करने में या तो उसकी आधार प्रति जिससे प्रतिलिपिकार ने प्रतिलिपि की थी वही भ्रष्ट थी या प्रतिलिपिकार स्वतः ही प्रमादी था जिसने अनेक स्थलों पर पाठ का रूप बिगाड़ दिया है यथा रही धरनि वृज पूर १४.१७ का पाठ गहरिर है पर (?) कर दिया है। इन समस्याओं पर विस्तृत विचार मैंने नहीं किया है।

सम्पादन-सिद्धान्त—रतन हजारा की जितनी भी पांडुलिपियों की सूचना अब तक प्रकाश में आई है उनमें दतिया अंचल से प्राप्त प्रति का

प्रतिलिपिकाल प्राचीनतम है। सन् १९०३ के खोज विवरण की प्रतिलिपि का काल है संवत् १८९४, इसी भाँति सन् १९२६ के खोज-विवरण की प्रतिलिपि भी सं० १९०८ की है। भारत जीवन प्रेस से प्रकाशित संस्करण की आधार प्रति जो चरखारी से प्राप्त हुई थी उसका भी प्रतिलिपिकाल संवत् १९४९ है। प्रभाकर जी भट्ट की जयपुर वाली प्रति का प्रतिलिपि-काल संवत् १९३० विक्रमी है। श्री वासुदेव गोस्वामी जी के प्रयास से प्राप्त रतन हजारा की पुष्पिका में कोई प्रतिलिपिकाल नहीं दिया गया है किंतु उसी के साथ संलग्न बिहारी सतसई का काल संवत् १८८८ विक्रमी मिलता है। यह प्रतिलिपि रचनाकार के अंचल की है अतएव इसके पाठ को प्रामाणिक माना गया है। खंडित स्थलों को छोड़कर अधिकांश स्थल पर पाठ निर्माण का प्रयास 'द' प्रति के आधार पर ही किया गया है। संपादन की आधार प्रति 'भा' का पाठ 'प्र' प्रति के पाठ से अधिक महत्वपूर्ण प्राप्त होता है। 'प्र' प्रति का पाठ अनेक स्थलों पर भ्रामक अवश्य है किंतु 'द' प्रति के पाठ की प्रामाणिकता सिद्ध करने में इसके पाठान्तरों से सहायता अवश्य मिलती है। केवल मात्र विभिन्न अंचलों की तीनों प्रतिलिपियों के आधार पर इनका पारस्परिक सम्बन्ध निर्माण कर पाना संभव नहीं हो सका है। जहाँ तक हो सका है, बुंदेलखंडी प्रयोगों को इस पाठ में सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। फिर भी कहीं भी शब्द रूपों के संबंध में एकरूपता लाने का प्रयास नहीं किया गया है। जो भी शब्द-रूप इस संपादन में स्वीकृत किए गए हैं उनका आधार अवश्य ही इन प्रतिलिपियों में प्राप्त सामग्री ही रही है। फिर भी अनेक स्थलों पर पाठ अर्थ-संगति की दृष्टि से स्पष्ट होने से बच गए हैं, इनका निराकरण अन्य परंपरा की महत्त्व-पूर्ण रतनहजारा की प्रति के आधार पर ही संभव है फिर भी विद्वज्जन यदि उचित पाठ के लिए सुझाव संप्रेषित करेंगे तो संभव है कि अधिकतम प्रामाणिक पाठ भविष्य में प्रस्तुत किया जा सके। फिर भी यथासाध्य मैंने पाण्डुलिपियों के सादृश्य पर बुंदेलखंड के अप्रतिम कवि महाराज पृथ्वीसिंह 'रसनिधि' की एक महत्त्वपूर्ण कृति के संपादन का गुरुतर कार्य

हिंदी साहित्य सम्मेलन की 'आकार ग्रंथमाला' के एक पुष्प के रूप में किया है।

कृतज्ञताज्ञापन––सम्मेलन जैसे महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय संस्थान की गौरवपूर्ण ग्रंथमाला के लिए मुझे पाँच ग्रंथों के सम्पादन का कार्य प्रदान किया गया। इसके लिए सम्मेलन के वर्तमान सचिव श्री मोहनलालजी भट्ट तथा सहायक मंत्री श्री रामप्रताप त्रिपाठी शास्त्री के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। प्रयाग विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के रीडर पं० उमाशंकर जी शुक्ल के निर्देशन में यह कार्य मैं निष्पन्न कर पाया हूँ। अधिकांश विकृत पाठ-स्थलों का निराकरण करके उन्होंने जो प्रोत्साहन दिया है वह उनके स्नेह और विद्यानुराग का ही फल है। दतिया की महत्त्वपूर्ण प्रतिलिपि प्रेषित करके सुप्रसिद्ध साहित्यिक श्री वासुदेव गोस्वामीजी ने कृपापूर्वक महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है इसके लिए गोस्वामी जी धन्यवाद के पात्र हैं। पांडुलिपि की सामग्री टंकित रूप में प्रस्तुत करने में श्री पुरुषोत्तम मालवीय एवं श्री श्याम जी मालवीय ने जो तत्परता प्रकट की है, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ। तीन प्राचीन प्रतियों के उपलब्ध होने के बाद भी अनेक छंदों की पाठ-समस्या सुलझाने के हेतु डा० शिवशरण शर्मा ने कन्हड़गढ़ से प्राप्त पांडुलिपि की प्रतिलिपि भेंजकर जो सहयोग दिया है उसके लिए मैं सहृदय विद्वान् मित्र का चिर ऋणी रहूँगा।

रामनवमी २०२५ ––**हरिमोहन मालवीय**

रतन हजारा के प्रथम पृष्ठ की पुष्पिका

श्रीगणेशायनमः ॥ अथरतनहजारालिख्यते ॥ दोहा ॥ नसतसरससिंधु
रवदनमालथलनिषेतेस ॥ विघनहरनमंगलकरनगवरीतनयगनेस ॥
१ ॥ जेमोंप्रेमवुरभारथीयहजाचतहौंतोहि ॥ नंदलालकेचरनमोंदेषिलाइ
किवमोहि ॥ २ ॥ नमोप्रेमजिहनेकियोखोलगोभारप्रकास ॥ रगरसबा
सीनाककैंगारुगोपियनवास ॥ ३ ॥ निसदिनगुंजत [illegible] रहीं
वनवाज ॥ हिनिजमधुकरसुतनकोकमलनेनतुहि [illegible] ॥ ४ ॥ चंदमुष
पुरछंद [illegible] सोहितनिरधार ॥ रसनिधसागरसमलंषोदोह
रतनहजारा ॥ ५ ॥ अवलोप्रभतोरेबैनोंनातरहोतकुनारा ॥ भ्रमहीतार
नतरनहैमेरेआधारा ॥ ६ ॥ सुवसवसतचेतननगरनवानसतहै
आदि ॥ वेसेतोऊजरपरीतनकोविनीमहा ॥ ७ ॥ विरुधांसेरनोपै

रतन हजारा के अंतिम पृष्ठ की पुष्पिका

रतन हजारा

मंगलाचरण

दोहा

लसत सरस सिंधुर बदन भाल[1]थली नषतेस।
विघनहरन मंगलकरन गौरी[2]तनय गनेस॥१॥
नयो प्रेम परमारथी इह[1] जाचत हौं तोहि।
नंदलाल के चरन सौं[2] दै मिलाइ किन मोहि॥२॥
नयौ[1] प्रेम जिहिनै कियौ ह्यां[2] लगि आइ प्रकास।
रंग रत वासी[3] नांक कौं नांक[4] गोपियन[5] पास॥३॥
निसिदिन गुंजत रहत जे[1] बिरद नेवाज[2]।
हैं निज मधुकर सुतन की कमलनैंन[3] तुहिलाज॥४॥
बरन[1] मधुर सुंदर अरथ हरि[2] सौं[3] हित निरधार।
रसनिधि सागर मथ लयौ[4] दोहा रतन हजार॥५॥
अब तो प्रभु तारैं बनैं[1] नातर होत कुतार।
तुमहीं तारन तरन हौ सो मोरैं[2] आधार॥६॥
सुवस बसत ते चित नगर[1] जहां बसत हरि आइ।
वैसै तौ अजर परी तन की किती सराइ॥७॥

---

१. (१) माल प्र। (२) गवरी प्र।
२. (१) यह प्र। (२) कौ भा। (३) किव प्र
३. (१) नमौ क। (२) हिय लग भा। (३) रंगरसवार सी प्र
(४) कान्हे भा। (५) गोपकन भा
४. (१) ये प्र। (२) नवाज प्र। (३) नेंन प्र
५. (१) बरनत प्र। (२) हर प्र। (३) सौं भा। (४) लये भा
६. (१) बनें प्र। (२) मेरे प्र।
७. (१) बसत चेतन प्र (२) ऐसै भा

विरह घांम इनयै जबै तन कौ सहौ न जाइ।
चरन कमल नँदलाल के तव द्रग लागत जाइ॥८॥
अद्‌भुत गत यह रसिक निधि[1]-सरस प्रीत की बात।
आवत हीं मन साँवरे[2] उर के[3] तिमिर नसात॥९॥
व्यौछ[1] गयौ मन लागि ज्यौं ललित त्रिभंगी[2] संग।
सूधौ होतन ओर तनि[3] नवत[4] रहै इह[5] अंग॥१०॥
कैयक[1] 'स्वांग बनाय[2] कै नांचै[3] वहुविधि नाच।
रीझत नहि रिझवार वह बिना हिये के सांच॥११॥
जाकौ गति चाहत दियौ लेत अगनि[1] तैं राष।
रसनिधि है या बात के भक्त भागवत[2] साष॥१२॥
चित तै दियौ बिसार जनु[1] विरद गरीब निवाज[2]।
ब्रजवासिन के दरस कौ[3] पहुँचत[4] नहिं ब्रजराज॥१३॥
अंबुज चरन पराग हरि[1] रही धरन[2] ब्रज पूर।
अजौं परस तन करत वह विरथ बिथा कौ[3] दूर॥१४॥
धन[1] गोपी धन ग्वाल वे धन जसुदा[2] धन नंद।
जिनके मन आंगन[3] फिरैं[4] पूरन[5] परमानंद॥१५॥

---

९. (१) रसक निध प्र। (२) सांवरो भ। (३) कौ भा
१०. (१) बिवधि भा। (२) तृभंगी भा। (३) तन प्र। (४) नउत भा। (५) वह भा
११. (१) कै इक भा। (२) बनाइ भा,। (३) नाचौ भा
१२. (१) अगत प्र। (२) भावगत भा
१३. (१) जन प्र। (२) निवाजि भा, नवाज प्र। (३) कौं भा। (४) पहुचत प्र।
१४. (१) जह रही द। (२) ही घर भा। (३) को भा।
१५. (१) धनि भा। (२) जसुधा प्र। (३) आगै भा, द। (४) चलैं भा (५) छाया प्र।

आदि अन्त अरु मध्य मैं जो है सुयं[1] प्रकास।
ताके[2] चरनन की धरै रसनिधि मन मैं आस॥१६॥
काल पषेरुन[1] तै सही यह[2] तन षेत उबेरु[3]।
इहि बरिया अैसै समैं हरिया हरिया टेरु॥१७॥
यह प्रसिद्ध है रसिकनिधि मन मोहन की बात।
पनवारे[1] घट मै बसै पनघट[2] और न जात॥१८॥
भूले तैं[1] करतार के रागु[2] न आवै[3] रास[4]।
यहीं समुझ[5] कै राष तूं मन करतारै[6] पास॥१९॥
हरि कौ सुमिरन हरि घरी हरि हरि रटौ[1] जुबान।
हरि[2] विधि हरि कौह्वै[3] रहौ रसनिधि संत सुजान॥२०॥
मजनू लष वै ह्वै[1] गयौ लै लै लै लै नाम।
अचिरज[2] कह जौ[3] कृस्न कहि मिले चरन अभिराम॥२१॥
मन[1] समान[2] जाकै[3] मनी नैक[4] न आवत पास।
रसनिधि भावक[5] करत है नाही[6] मन मैं वास॥२२॥

---

१६. (१) स्वयं भा। (२) जाके द।

१७. (१) कालप्र षेतुन प्र। (२) यों भा। (३) षेतुन तुबेर प्र।

१८, (१) पनिवारे भा। (२) पनिघटि भा।

१९. (१) ते द। (२) राग प्र।
(३) आवत प्र। (४) सबु भा
(५) समुझ प्र द। (६) करतारे प्र।

२०. (१) ठौर भा। (२) हर भा, द। (३) कौ हौ प्र।

२१. (१) हौं द, हो प्र। (२) अचरज भा, द। (३) कर जौ प्र (४) मिलै भा।

२२. (१) मनि भा। (२) सूना द। (३) जाके भा ताकै द। (४) नैकि भा (५) सावक प्र। (६) ताही भा, द।

जिन काढौ वृजनाथ जू मो करनी कौ छोर।
मो करनी कौ[१] कर जहाँ रसनिधि जुगल किसोर[२]।।२३।।
रस निधि वाकौ[१] कहत हैं[२] याही तैं[३] करतार।
रहत निरंतर जगत कौ वाही के करतार।।२४।।
तेरी गति[१] नंदलाडिले[२] कहू[३] न जानी जाइ।
रज हू तैं[४] छोटौ[५] जु मनु तामैं बसियतु आइ।।२५।।
सब कुदरति तुज[१] कादरा मैं करि मुजसैं[२] दूरि।
इस षाकी[३] तन कौ रवा आपुन रस[४] मैं पूरि।।२६।।
सब सुष[१] चहत[२] सबही रहैं[३] तत सुष[४] नही मिठाइ।
सब सुष छाड़ि कैं[५] नेहिया तत सुष लेत उठाइ।।२७।।
मोहै नैंकु[१] न नैंन जे[२] मनमोहन के रूप।
नीरस निपट निकाम ज्यौं विन पानी के कूप।।२८।।
वेद व्यास सब षोजहीं नैंकु न पावत[१] ताहि।
मौहन मन द्रग कर निकर[२] ब्रज बालनि लिय[३] गाहि।।२९।।

---

२३. (१) कर नीके भा। (२) नंद किसोर भा।
२४. (१) वही कौ प्र। (२) है प्र। (३) कौं प्र
२५. (१) गत प्र। (२) ने लाडले प्र।
(३) कछुव भा प्र। (४) अनहूतै प्र द
(५) छूटौ प्र द।
२६. कुदरतनु प्र। (२) रूजिसै भा।
(३) रस षांकी भा। (४) नूर भा।
२७. (१) स्वसुष द। (२) चहत प्र।
(३) सबि रहै भा। (४) तुव भा। (५) छाडे भा।
२८. (१) माहे नेतु प्र (२) जै प्र।
२९. पावति भा। (२) मोहन द्रग कने करनि कै प्र।
(३) भर गुवालिनि लिय द।

परचौ[1] रहतु[2] है रैन दिनु रे विषिया रस नीचु[3]।
मन तू[4] मोहन सौ हमै काहे पारतु[5] कीचु॥३०॥
दम्पति[1] चरन सरोज पै जो अलि मन मडराइ[2]।
तिहि के[3] दासन दास कौ रसनिधि संग सुहाइ॥३१॥
घरी[1] बजी[2] घरियार[3] सुनि बजिकै कहतु बजाइ।
बहुरि न पैहै[4] यह घरी हरि चरनन चितु लाइ[5]॥३२॥
जो चाहै[1] तिहि[2] चाहिये ज्यौं[3] उरलैंवौ हार[4]।
स्याम सहैहिनि क कछू रसनिधि मते अपार॥३३॥
हरि विनु[1] मन तुव कांमना नैकुन आवै काम।
सपनै के[2] धन सौं भरे किहि लै अपनौ[3] धाम॥३४॥
जिनि वारे नँदलाल पै अपनै मन धन लाइ[1]।
उनिके वारे की कछू मोपै कही न जाइ॥३५॥
हरि पूजा हरि भजन मैं सोई[1] ततवर[2] होत[3]।
हरिवर[4] जाही आइ कै हरबर[5] करै उदोत॥३६॥

---

३०. (१) पगौ भा। (२) रहत भा द। (३) जग रस बीच प्र द। (४) तूं भा। (५) पातुर प्र।

३१. (१) दंपत प्र द: (२) भडिराइ प्र। (३) कै प्र।

३२. (१) घडी प्र। (२) बजै प्र। (३) घरयार भा। (४) पाहै प्र द। (५) ल्याइ भा।

३३. (१) चाहे प्र। (२) गिट्टि प्र द। (३) जे प्र। (४) उर ले व्यौहार प्र द।

३४. (१) बिनि भा। (२) मैं। (३) अपनौ भा।

३५. (१) ल्याइ भा।

३६. (१) सोही भा। (२) ततपर भा। (३) होइ प्र (४) उर भा। (५) हरबर भा।

रसनिधि मन मधुकर बसै[१] जो चरनाम्बुज[२] माहि[३]।
सरस अनुखुलौ खुलतु है खुलौ खुलौई नाहि॥३७॥
रूप दृगन अवननि सुजस रसना मैं हरिनाम।
रसनिधि मन मैं नित बसौ[१] चरन कमल अभिराम॥३८॥
कपटौ जब तकि[१] कपट नहिं सांच वगुरदाधार[२]।
तब तकि[३] कैसै मिलहिगौ[५] प्रभु सांचौ रिझवार॥३९॥
नेति नेति[१] कहि निगम पुनि[२] जाहि सकै नहि जांन।
भयौ मनोहर आइ ब्रज वही सु[३] हरिहर आंन॥४०॥
परम दया करि दास पै गुरन[१] करी जब गौर[२]।
रसनिधि मोहन भावतौ[१] दरसायौ सब ठौर॥४१॥

ब्रह्मज्ञान वर्णन

पाप पुन्य अरु ज्योति[१] तै रवि ससि न्यारे जांनि।
जदिपि[२] सु सब ही[३] घटनि मै प्रतिबिम्बित है आंनि॥४२॥
आपु भमर[१] आपुहि कमल आपुहि संग[२] सुवास।
आपु[३] आपु ही बासना आपु लसत सब पास॥४३॥

---

३७. (१) बस्यौ प्र, बसौ भा। (२) चरननरज द। (३) आइ प्र।

३८. (१) बसै भा। (२)

३९. (१) लौं भा। (२) वगरदावार प्र, बिगुरदाघार भा। (३)लौं भा। (४) कैसे प्र। (५) मिलैहि गौ भा।

४०. (१) नेत नेत भा। (२) पुन भा। (३) सोभा प्र।

४१. (१) गुरनि प्र। (२) गोर (३) भावतो प्र।

४२. (१) छोति प्र, नेत द। (२) जदपि प्र, जद्यपि भा। (प्र (३) सों भा, सब प्र।

४३. (१) भवर प्र भा। (२) रंग प्र। (३) लेन भा।

पवन तुहीं पानी तुही तुही धरनि आकास[1]।
तेज तुही पुनि[2] जीव है तुही लियौ[3] तन बास ॥४४॥
वेषाये[1] तैं[2] बेवफा[3] वफा रहै ठहराइ।
मैनै[4] कीनैं[5] दूरि ज्यौं[6] तैं ही तै रहि जाइ ॥४५॥
कहूं हाकिमी[1] करतु है कहूं वन्दगी आइ।
हाकिम वन्दा आपुही[2] दूजा नही दिखाइ ॥४६॥
सांची सी यह बात है सुनियौं सज्जन[1] सन्त।
स्वांगी तौ वह[2] येक[3] है वाकै[4] स्वांग अनन्त ॥४७॥
कोटिन घट[1] मैं बिदित ज्यौं रवि प्रतिबिम्बु दिखाइ।
घट घट मै त्यौहीं छयौ[2] सुयं प्रकासी[3] आइ ॥४८॥
आसिक अरु महबूब विच आपु[1] तमासा कीन[2]।
ह्यां ह्वै[3] अलगरजी[4] करै ह्वां ह्वै होइ[5] अधीन ॥४९॥
लेत देत[1] आपुन[2] रहै सिर अपनै[3] नहि लेत[4]।
ह्वां[5] ह्वै चित कौ लेतु है ह्यां ह्वै[5] चित कौ देत[6] ॥५०॥

---

४४. (१) धरनि तुही प्र। (२) प्रन भा (३) लियो भा।

४५. (१) वेषाअे प्र। (२) ते भा। (३) बेउफा भा। (४) मीनै भा, मै कै प्र। (५) कीनें प्र। (६) ज्यो प्र।

४६. (१) हाकमी भा। (२) आपही भा।

४७. (१) सजन द। (२) यह प्र। (३) एक प्र। (४) वहके भा।

४८. (१) कोटि घटन द भा। (२) छिप्यो भा। (३) स्वयं प्रकासी भा, प्र।

४९. (१) आप भा। (२) वींन प्र द (३) ह्वे प्र, ह्यौ द। (४) अटबरजी द। (५) वागर होइ द।

५०. (१) लेतु देतु प्र। (२) आपन भा द। (३) अपने प्र। (४) देतु प्र। (५) ह्या प्र द। (६) लेतु द।

४

आपु फूल[१] आपुहि भँमर[२] आपु सुबास बसाइ।
आपुहि रस आपुहि रसिक लेतु आपु रस आइ॥५१॥
ब्रह्म फटिक मन[१] सम लसै घट घट माँझ[२] सुजान।
निपट[३] आइ बरतै जु रंगु[४] सो रंग[५] लगै दिखान॥५२॥
वहु रंगी[१] वहु[२] आपहीं भयौ तिली मैं[३] तेल।
आपुहिं[४] बासौ सुमन ह्वै[५] आपहि भयौ फुलेल॥५३॥
यौं सब जीवन की लखौ ब्रह्म सनातन आदि[१]।
ज्यौं माटी के घटनि[२] की माटीयै[३] बुन्यादि[४]॥५४॥
जलहू मै पुन आपुतै[१] थलहू मै पुनि आपु।
सब जीवन मै आपु[२] है लसत निरालौ आपु॥५५॥
अमल दिवैया आपुही अमल षिवैया[१] आपु[२]।
अमल मांझ जो अनिल[३] वह[४] रसनिधि सोई आपु॥५६॥
मौहन हारौ[१] आपुतौ[२] जोहन हारौ आपु[३]।
पौहन हारौ[४] आपु तौ मन मानिक पुनि आपु॥५७॥

---

५१. (१) कूल प्र। (२) भवर प्र।

५२. (१) मनि प्र। (२) माझ प। (३) निकट भा। (४) जो रंग भा। (५) रगु प्र, रंग भा।

५३. (१) वही रंग प्र द। (२) वह भा। (३) कौ प्र। (४) आपुन भा। (५) हयौ द।

५४. (१) आद भा। (२) घटन भा। (३) माटी पै, भा प्र। (४) बुनियाद भा प्र।

५५. (१) आपनौ भा द। (२) आप भा।

५६. लिवैया भा। (२) आप भा। (३) अमल प्र। (४) है प्र।

५७. (१) वारौ भा। (२) आपुही भा। (३) मन मानिक पुनि आपु भा। (४) जोह निहारौ आप भा।

बंसी ह्व मैं आपुतौ[१] सप्त[२] सुरनि मैं आपु।
बजवैया पुनि आपुही रिझवैया पुनि आप॥५८॥
बीज आपु जर आपुही[१] डार[२] पात पुनि आपु।
फूलहि मै पुनि आपु[३] फल, रस ही मैं पुनि आपु[४]॥५९॥
पंचनि[१] पंच मिला करै[२] जीउ[३] ब्रह्म मै लीन।
जीवन मुक्त कहावई[४] रसनिधि वही प्रबीन[५]॥६०॥
आसिक ह्व पुनि आपु तौं महबूबहु[१] पुनि आपु[२]।
चाहनवारौ[३] आपु तौं[४] बेपरवाही[५] आपु॥६१॥
कुदरत बाकी भर रही यौ रसनिधि सब जागि[१]।
ईंधन बिनु[२] बनियै[३] रहै ज्यौं पासन मै आगि[४]॥६२॥
अलषु[१] सवैई[२] लषतु[३] वह लख्यौ न काहू जाइ।
दृग तारिन के तिलन[४] की झांकि न झांखितु जाइ[५]॥६३॥
तिलन मांझ पुनि आपु[१] तौ सुमन मांझ पुनि आपु।
बासन वारौ आपु तौ पैरन वारौ आपु॥६४॥

---

५८. (१) आपही भा। (२) हतो प्र।

५९. (१) आपुतो प्र। (२) डारि प्र। (३) आप प्र (४) रस मैं पुन निधि आपु भा।

६०. (१) पंचन द। (२) मिलाइकै भा। (३) जीव भा। (४) कहावही भा। (५) वह परवीन भा।

६१. (१) महबूना भा। (२) आप भा। (३) चाहनहारौ भा। (४) तो प्र, त्यौं भा। (५) बेषरवाही द।

६२. (१) रसनिधि सबही जाग भा। (२) बिन भा। (३) बनियौ भा। (४) आग भा।

६३. (१) अलष भा द। (२) सबैही द। (३) लषत भा। (४) तिलक भा। (५) झांवन झाषतु आइ प्र।

६४. आपन्यौ भा।

गरजन मै पुनि आपु तौ बरसन मै पुनि आपु।
सुरझन मैं पुनि आप तौं[१] उरझन मैं पुनि आपु॥६५॥
कहुं नांचै कहुं गावहीं[१] कहूं देत है तार।
कहूं तमासौ[२] देखही आपु ईठ[३] रिझवार॥६६॥
नर पसु कीट पतंग मै थावर जंगम मेला।
ओट[१] लियै षेलतु रहै नवल[२] खिलारी खेल[३]॥६७॥
आपुहि ह्वा[१] महवूब मै बेदरदी सरसाइ।
आपुहि आसिक मै इहां दरद अगेजत[२] आइ॥६८॥
हिन्दू मैं क्या और है मुसलमान मै और।
साहिव सवका एक[१] है व्याप रहा सब ठौर॥६९॥
कहुं[१] नांचत गावत कहूं कहूं बजावत बींनु[२]।
सब मै राजत आपुही सबही कला प्रबीन[३]॥७०॥
जल समांन माया लहर[१] रवि समांन प्रभु[२] एक।
लहि वाके प्रतिबिंब कौं भासत[३] भाँति[४] अनेक॥७१॥
राई कौ बीसौ हिसा ताहू मैं पुनि आइ।
प्रभु बिनु षाली ठौर कहुं इतनौ हूं न[१] दिखाइ॥७२॥

---

६५. (१) आप त्यौं भा।

६६. (१) कहुं गावै नांचै कहूं भा, कहु नाचै गावै कहू प्र। (२) तमासा भा। (३) बैठि भा।

६७. (१) औट प्र। (२) नयौ भा। (३) आप प्र।

६८. (१) ह्यां प्र, वा भा। (२) अँगेजत भा।

६९. (१) अेक प्र

७०. (१) कहु प्र। (२) बीन भा। (३) प्रबीन भा।

७१. (१) लाहरि प्र। (२) ग्रेक प्र, ऐक द। (३) नाचत भा। (४) भात द।

७२. (१) इतनौ नहि। द

अलख जात इनि[1] दृगनि[2] सौं विदित[3] न देषी जाइ।
प्रेम कांति[4] वाकी प्रगट सब ई ठौर दिखाइ॥७३॥
जदपि रहौ है भावतौ[1] सकल जगत[2] भरिपूर[3]।
बलि जैयै वा[4] ठौर की जहँ ह्वै करै जहूर॥७४॥
दीपक[1] आपुहि था[2] लषौ[3] आपुहि हुवा[4] पतंग।
आपुहि आसिक होइ कै आपुहि जारत अंग॥७५॥
कौनु[1] रीझि वापै सकै को विहि सकै[2] रिझाइ।
आपु रिझावन हार है[3] आपुहि[4] रीझत आइ॥७६॥
पंचतत्त[1] की देह मै ज्यौं जिउ व्याकुल आइ।[2]
विस्वरूप मै ब्रह्म ज्यौं व्यापकु जानौ जाइ[3]॥७७॥
रस ही मै अरु[1] रसिक मै आपुहि[2] कियौ उदोतु[3]।
स्वांति बूंद मैं आपुही आपुहि चात्रिक[4] होतु[5]॥७८॥

---

७३. (१) इन भा। (२) द्रगन प्र। द।
(३) बात न द। (४) प्रेम काति प्र, येस गात द।
(५) सुढिद द।

७४. (१) भावतो प्र। (२) जग्त द।
(३) भरि पूरि प्र, भरपूर भा। (४) वह प्र।
(५) जदिय द।

७५. (१) दीपकु (२) आपु दिया द। (३) लिषौ भा प्र, लिखौ भा। (४) डाटव भा।

७६. (१) कौनु द। (२) बस करें भा। (३) हो रहौ भा। (४) आपहि भा।

७७. (१) तत्व भा। (२) त्यों सुरयापक होइ भा। (३) सोइ भा।

७८. (१) औ भा। (२) आपहि भा,। (३) उदोत भा, (४) चात्रक प्र। (५) होतु प्र द।

घट भीतर जो बसतु[१] है दृगनि सु वाकी[२] जोति।
देखत सब पै सबनि[३] मैं विरद[४] न जाहिर होति॥७९॥
अलष सबै[१] जासौं[२] कहै लषौ कौन विधि जाइ।
पाक जात की रसिकनिधि[३] जगत सिफात[४] दिषाइ॥८०॥
करत फिरत मन बावरे अनत[१] नहीं पहिचाँन।
तोही मैं परमातमा लेतु[२] नहीं तिहि जान[३]॥८१॥

सोरठा—

सो दीसै[१] सब ठौर[२] व्याप रहौ मन[३] माह जो।
सज्जन[४] करि कै गौर वाही कौ निजु जानियै[५]॥८२॥

दोहा—

बैठा है इस दलक विच आपै आपु[१] छिपाइ।
साहव[२] जात न[३] लख परै प्रकट[४] सिफात दिखाइ[५]॥८३॥

सज्जन वर्णन

तूं सज्जन या बात कौ समुझि[१] देखु[२] मन माहि[३]।
अरे दया मै जो मजा सो जुलमन[४] मैं नाहि[५]॥८४॥

---

७९. (१) बसत भा। (२) सवा की भा। (३) सबन भा। (४) विरल भा।

८०. (१) बसै द। (२) जापै भा। (३) रसकनिधि प्र। ४. सिफाति प्र, सिफानि भा।

८१. (१) अंत द, आप भा। (२) लेत भा। (३) पहिचान भा।

८२. (१) सौ दीजै प्र, सो दीजै द। (२) ठोर प्र। (३) मोन द। (४) साजन प्र, सजन द। (५) जानिजै प्र, द।

८३. (१) आप भा, (२) साहिब प्र। (३) जा तन भा। (४) प्रगटत द। (५) सिफानि क।

८४. (१) समझि प्र, समझ द। (२) देजि प्र, देखु द। (३) माहा प्र माहिद। (४) सोव जुलम प्र, द। (५) नाहा प्र।

सज्जन हो[1] या बात कौ[2] करि देखौ जिय[3] गौर।
बोलत चितवन चलन[4] वह दरदमंद[5] कौ[6] और॥८५॥
इत[1] जमुना रमना उतै बीच जहांनाबाद।
तामैं बसि नेकी करौं करौं न बाद बिबाद॥८६॥
मीता तूं या बात कौं हियै गौर करि हेरु[1]।
दरदमंद[2] वेदरद कौ निसिबासर कौ फेरु[3]॥८७॥
कठिनि[1] दुहूं बिधि दीप कौं सुनिहौं[2] मीत सुजांन।
सब निसि बिनु[3] देषै जरै मरै लषै मुष भांन॥८८॥
सीष सुधाई[1] तीर तैं तजि[2] गति कुटिल कमान।
भावै चिल्ला बैठि तूं[3] भावै बिच मैदांन॥८९॥

सोरठा

जारै सहित सनेह[1] करत प्रकासित जगत[2] जे।
नजरौ अचरज एहि, बिनु दुरजन जरै सनेह॥९०॥

दोहा

हित मत जौ जानौ चहौ सीषौ याके पास।
बढ़ै उडै न तजै तऊ केसरि[2] रंग सुबास॥९१॥

---

८५. (१) हौ प्र। (२) को भा। (३) निज प्र। (४) सजन द। (५) दरदवंत भा। (६) कौ भा।
८६. (१) इति प्र, बस भा।
८७. (१) हेर भा। (२) दरदवंत भा। (३) फेर भा।
८८. (१) कठिन भा। (२) सुन हो भा। (३) बिन भा।
८९. (१) सुहाई प्र। (२) जिय भा। (३) तै द।
९०. (१) नजरौ भ। (२) जगत द। (३) नजरौ द, न रौजु प्र। (४) करै भा।
९१. (१) वडै उडै प्र, बढ़ै बरै भा। (२) केसर भा।

कमल कुलीननि[१] बात सुनौ सनेही श्रवन[२] दै।
जीवन जारतु जात तऊ न रबि सौं हितु तजै ।।९२।।
बिन आदर जौ[१] रूप नृप छबि मुकताहल[२] देत।
दृग जाचक पै[३] दीठि[४] करि[५] बिनु सनमान न लेत ।।९३।।
आया[१] इस्क लपेट मै लागी चस्मा[२] चपेट।
सोई आया[३] जगत[४] मै और भरै सब पेट[५] ।।९४।।
सज्जन पास न कछु[१] अरे[२] ये[३] अनसमझी बात।
मौम रदन कहुँ[४] लोह[५] के चना चबाये[६] जात ।।९५।।
जब देखौ तब भलिन[१] तैं सजन भलाई होइ[२]।
जारै जारै अगर ज्यौं तजै नहीं षुसबोइ[३] ।।९६।।
बेदाना[१] सै हो रहै[२] दाना येक किनार।
बेदानन मैं[३] आदरै[४] दाना येक[५] अनार ।।९७।।
प्रीतम इतनी बात कौ हिय कर देषु[१] बिचार[२]।
बिनु गुन होत सुनै[३] कहूं सुमन हिये के[४] हार ।।९८।।

---

९२. (१) कुलीनन भा। (२) स्रवन प्र।

९३. (१) जो प्र (२) मुक्ताहल भा। (३) ये भा। (४) डौठि द। (५) कर भा।

९४. (१) आये भा। (२) चसम भा। (३) है या प्र। (४) जग्त द। (५) पेटि द।

९५. (१) कहु प्र। (२) ऐ द। (३) अरै प्र। (४) कहु प्र, कहि द (५) लोक प्र। (६) चबाऐ द।

९६. (१) मलिन भा, क, द। (२) होहि भा। (३) खसबोहि भा।

९७. (१) वैदाना ते प्र। (२) सै होत है भा। (३) वेदाना नहि भा। (४) आइ रहै प्र। (५) ये कनि ऐक द।

९८. देष प्र, द। (२) विचारि प्र (३) मैं सुनें प्र। (४) कौ भा।

हितु करियतु[1] उहि[2] भांति[3] सो मिलियतु[4] है उहि भांति[5]।
छीर नीर तैं[6] सीषि[7] लै हित करिबे[8] की बात[9]॥९९॥

वढत आपनैं[1] गोतु[2] कौं और सबै अनषाइ।
सुहिद[3] नैंन नैंना[4] बड़े देषत हियौ[5] सिहाइ॥१००॥

पसु पंछीहू[1] जानहीं[2] अपनी अपनी पीर।
तव सुजांन जानौं तुमैं[3] जव जानौ परपीर॥१०१॥

वड़े यार श्री मंत[1] के भेदहि कहियतु नांहि।
अरे यार के यार कौं सोच होत जिय मांहि॥१०२॥

इतनौई[1] कहनौ[2] हतौ प्रीतम तोसौं मोहि।
मान राषबी[3] बात तौ[4] मांन[5] राषनौ तोहि[6]॥१०३॥

गये जदिप मन[1] सूर तन[2] पत्थर घनै चलाइ।
व्यापैं तन [3]जे फूल वै मिहिरम[4] घालें[5] आइ[6]॥१०४॥

---

९९. हित करियन्त भा। (२) यह भा। (३) भांत प्र। (४) मिलियत भा। (५) वह भांत भा। (६) तें प्र। (७) सीष द, पूछ भा। (८) करबे द। (९) भाति द।

१००. (१) आपने प्र, आपनो भा (२) गोत भा। (३) सुहृद भा। (४) नेंन नेंना प्र। (५) देषे हिये प्र।

१०१. (१) पंछीही प्रपच्छीहु भा। (२) जानिहीं प्र, (३) तुम्हैं प्र।

१०२. (१) सीमंत, प्र, श्री कंत भा।

१०३. (१) इतनोंई प्र। (२) कहनी भा। (३) राषिनी प्र। (४) कौं प्र। (५) मानि द। (६) मोहि द।

१०४, मुनि भा। (२) सूं रतन प्र। (३) जै प्र। (४) महरम भा। (५) घायल द। (६) जाइ द।

मदन-वर्णन

अतन वतन[1] जब करतु है जाही तन मैं आइ।
छबि बस्ती[2] सब तैं सरस नैंनन वही दिषाइ॥१०५॥
नेह मौन[1] छबि मधुरता मैदा रूप मिलाइ[2]।
बैंचतु हलुवाई मदन हलुआ सरस बनाइ॥१०६॥
मदन भूप राजै जहां सहसा सकौ न जाइ।
रूप चांदनी पै[1] घरौ पौछि पलनि दृग पाइ[2]॥१०७॥
अरे जरे की पीर कौ तूं तौ जानत अैंन[1]।
नेहिन जारत फिरत[2] तूं जानबूझ[3] कै मैंन॥१०८॥
बिनहूं बाग लगाम वह चाबुक[1] लेत न हाथ।
फेरतु बाहुक[2] मैन लषु नैन हयन[3] इक साथ॥१०९॥
अवलष[1] नैंन तुरंग पै[2] पलकै पाषर डारि।
आयौ मदन सवार[3] ह्वै[4] अब को सकै सम्हारि॥११०॥
सारी डारी[1] हरित[2] अति लोचन[3] मूंडाढार।
अलिकावलि वागुर[4] रची षेलतु मदन सिकार॥१११॥

---

१०५. (१) अंत वतन द, मदन गवन भा। (२) वाकी भा।
१०६. (१) मौं न प्र मैन द। (२) दिषाइ प्र, मिलाइ द।
१०७. (१) मै भा। (२) घरवाइ क।
१०८. (१) हैन भा। (२) फेरतु द, ध (३) जानि बूझि प्र।
१०९. (१) चावकु प्र, चावक द। (२) बाहक भा। (३) हरिन भा।
११०. (१) बलष भा। (२) पर प्र, ये भा। (३) स्वार द। (४) हो प्र।
१११. (१) डाली भा। (२) हरति भा। (३) तिलोचन द। (४) वागुरि प्र।

कहन[1] सुनन चितवन चलन विहंसत सहिज[2] सुभाइ।
सब अंगन कौ देतु है आइ अनंगु[3] सिषाइ ॥११२॥
कीनी[1] वदित[2] सुमार नैं[3] नेहा जिते सुमार।
आवत नही सुमार मैं तै वे किये सुमार ॥११३॥
बाल बदन कौ मदन नृप रूप इजाफा दीन।
नैंन गजन[1] पर भौंह जनु मीनकेत[2] धरि लीन ॥११४॥
आवत आमिल काम तन बाढ़त जोवन जोर।
जिमीदार कुच[1] उकसि कै सोभा देत अकोर ॥११५॥
विधये[1] मैंन षिलार नैं[2] रूपजाल[3] दृग मीन।
रहत सदाई[4] जे भये चपल गतिन रसलीन ॥११६॥
लषौ मैंन तै मैन मै यह अद्भुत गति[1] आइ।
वह पिघलतु लगि आंच[2] कै इहि लगि मनु पिघलाइ ॥११७॥
मदन[1] सरोवर तैं भरे सरस रूपरस मैंन।
डीठ डौरि[2] सौं बांधिकै डोलतु[3] सुन्दर नैन ॥११८॥
चित चाइनि[1] सरसाइ रस रहै समाइ सरोज[2]।
मनमथ राजतु[3] आइ कै किय उर मढ़ी उरोज ॥११९॥

---

११२. (१) सहिति द। (२) सहिज द। (३) बहसन द।
११३. (१) कीनें प्र, कीन्हें भा। (२) विदिति, प्र, विदत द।
(३) मै प्र।
११४. (१) अजन प्र। (२) जसु द।
११५. (१) कुचि प्र।
११६. (१) विधिपे प्र। (२) में प्र। (३) रूपजालक प्र।
(४) सदाही द।
११७. (१) गत भा। (२) आपि भा।
११८. (१) बदन भा। (२) डोर द।
११९. (१) चाइन प्र। (२) समारत रोज भा। (३) राज सु भा।

करत न[1] जब तक मदन नृप रूप सनद पर छाप।
तब तक दृग दीवान[2] ढिग होति न बाकी थाप॥१२०॥

छबि सावन[1] यह तिल[2] सिला रूप सजल लष[3] नैन।
कलपै दै हित कलप[4] पै[5] मन पट[6] धोबी मैन[7]॥१२१॥

जब तै दीन्हौ[1] है इन्है मैन महीपति मांन।
चित चुगली लागे करन नैना लगि लगि कांन॥१२२॥

सैर[1] कला जब तैं इन्है लला[2] पढ़ाई मैंन।
सुरजन मन बस करत है तब तै तेरे नैन॥१२३॥

नेही दृग दीवान[1] नै जब तै कीनी थाप।
रूप सनद[2] पै करि दई मदन भूप तिल छाप॥१२४॥

नेह नगर मै कहि फिरै मैन लागि[1] मन[2] कांन।
तूजु होउ[3] नदलाल सौ[4] चित ब्रित ल्याइ सुजान॥१२५॥

कौमल किसलय दलनि तैं[1] जै तिय है अभिरांम।
दहतु सतनु[2] कौ आइ कै देखु[3] अतन के कांम॥१२६॥

---

१२०. (१) करतनु प्र। (२) दीमान द।

१२१. (१) तावन भा। (२) तिलु प्र, द। (३) लषि प्र। (४) कल्प द। (५) मैं प्र। (६) पढि द। (७) मेंन प्र।

१२२. (१) दीने प्र, दीनौ भा।

१२३. (१) सिद्ध भा, प्रा (२) लला इन्हैं प्र।

१२४. (१) दीमान द। (२) सदन प्र।

१२५. (१) लाग भा। (२) मनि भा। (३) रूजू होवे भा। (४) सै भा।

१२६. (१) तैं प्र, तै द। (२) दहत सतन भा। (३) देषु प्र, द।

रूप नगर बसि[1] मदन नृप दृग जासूस लगाइ।
नेहिनि मन कौं भेवु उनि[2] लीनौ तुरत मंगाइ॥१२७॥

रूप तषत[1] पै आइ कै बैठो मदन सुभूप।
नेही दृग मन नजर[2] लै राजत द्वार[3] अनूप॥१२८॥

बदन बहल[1] कुंडल[2] चका भौंह जुवा हय[3] नैंन।
फेरत चित मैदान में वहलवान वर मैन॥१२९॥

यौवन वर्णन

औसर कौं मौसर भयो[1] मति[2] दै कर तै षोइ।
जोबन औसर भावतौ[3] वार वार नहि होइ॥१३०॥

जोबन रावन रावनौ[1] सिरी चढ़ी लखि जाहि।
रूप नगर मैं आइ कै छबिधनि लीन्ही[2] व्याहि॥१३१॥

जोबन आमिल आइ तन भूमि करत ततबीर[1]।
घटि वढ़ि रकम बनाइ कै सिसुता करी तगीर॥१३२॥

रूप वर्णन

नागर सागर रूप कौ जोबन तरल तरंग।
सकतु न तिरि[1] छबि भमर[2] पर मन बूड़त सब अंग॥१३३॥

---

१२७. (१) बस भा। (२) उत द, भा।
१२८. (१) तख्त भा। (२) जार द। (३) गडे प्र।
१२९. (१) बहुल भा। (२) कुण्डिल भा। (३) यह प्र। (४) बरन वर प्र।
१३०. (१) भये भा। (२) मत भा। (३) भावतौ भा।
१३१. (१) जोबन ये बन ये बनौ भा। (२) लीनी प्र।
१३२. (१) भुमि करि तत वीर प्र कै मूसर कर ततबीर भा।
१३३. (१) तिर द, तर भा। (२) भंवर भा।

अजब सांवरो[1] रूप लषि दृगनि उठौई जाइ।
जिहि[2] उर तन[3] मो उर तिमिर तुरत बुरौई जाइ॥१३४॥
रूप समुद छवि रस भरौ अतिही सरस सुजान।
तामै तैं भरि[1] लेत दृग अपनै घट उनमान[2]॥१३५॥
अरे मीत या बात कौ देषु[1] हिये करि गौर।
रूप दुपहरी छांह कब ठहरानी इक ठौर॥१३६॥
रूप बाग मैं रहत है बागवान तुव नैन।
मन घन लै छवि इमृत[1] फल दैन[2] कहत हू हैन॥१३७॥
अषियन[1] कै जब पल अधर हेरत चिपके[2] जात।
मधुर रूप सोहै भरौ ह्या[3] तक जाकौ[4] गात॥१३८॥
लाल भाल पै लसत है सुन्दर बैंदी[1] लाल।
कियौ तिलकु अनुराग जनु[2] लषि कै रूप रसाल[3]॥१३९॥
उर दियला[1] राष्यौ[2] जु मैं सरस सनेह भराइ।
वैगि[3] भावते कीजियै रूप रोसनी आइ॥१४०॥
रूप सिंधु कौ[1] जाइ कै जब तैं परसौ[2] नेहु।
तब तैं केई[3] रंग सौं रूप दिखाई देहु॥१४१॥

---

१३४. (१) सांवलो भा। (२) जहि द। (३) तनि प्र।
१३५. (१) भर भा द। (२) उरमान द।
१३६. (१) देषि प्र।
१३७. (१) अमृत भा। (२) पै दैन भा।
१३८. (१) आंखिन भा। (२) चिबुके भा। (३) हिय भा। (५) याकौ द।
१३९. (१) बिंदी भा. बेंदा द। (२) ज्यौं भा। (३) रिसाल भा।
१४०. (१) दिय प्र। (२) लेषौव। प्र, राष्यह्यौ भा। (३) बेग भा।
१४१. (१) मैं भा। (२) परस्यौ भा। (३) कंयौ भा।

प्रीतम रूप कजाक कै[1] समसर कोऊ[2] नाहि।
छवि फांसी दै दृग गरै मन धन को लै[3] जाहि॥१४२॥
विधिनै जग मैं[1] तैं[2] रच्यौ जैसी भांति अनूप।
आभूषन को है[3] लला आभूषन तुव रूप॥१४३॥
मन कन पलटै मिलतु है जिन्है रूप धन माल।
तिनही के बिधिनै[1] रचे जग मैं माल बिसाल॥१४४॥
रूप चांदनी की गुढ़ी[1] स्वच्छ[2] राखिवै हेत[3]।
दृग फरास हाजिर षड़ै बरूनि[4] बुहारी[5] देत॥१४५॥
तौ कैसे तन पालते नेही नैन मराल।
जौ न पावतै रूप तुव[1] छवि मुकताहल[2] लाल॥१४६॥
रूप दीप जेतौ धरौ[1] मन फानूस दुराइ।
तऊ जोति बाकी[2] द्रगन होत प्रकासित आइ॥१४७॥
सुन्दर मौहन[1] रूप जो बसुधा मैं न अमाइ[2]।
दृग तारिनि तिल बिच तितै[3] नेही धरत लुकाइ॥१४८॥
छके[1] रूप मदपान कै ठहरत नहि पल पाइ।
लटपटाइ दृग दीठ[2] कर गहति पीत[3] पट आइ[4]॥१४९॥

---

१४२. (१) के भा। (२) कोई भा। (३) लहि प्र
१४३. (१) जै गमे प्र। (२) तूं द। (३) हौ प्र।
१४४. (१) बिधनै द।
१४५. (१) गढी भा। (२) सरद्द द। (३) हेति प्र। (४) बरनि द, बनुनि प्र। (५) बहारू भा।
१४६. (१) रूपसर भा, द। (२) मुक्ताहल भा।
१४७. (१) धरौ भा। (२) बांकी प्र।
१४८. (१) मोहन प्र, जोबन भा। (२) समाइ भा। (३) वहै द, तिन्है भा।
१४९. (१) वाके भा। (२) डीठ प्र। (३) प्रीत भा। (४) धाइ भा।

बेपरवाही बांधि बंधु राषौ[१] मनु अटकाइ।
नतरु कुरूप प्रवाहि उहि[२] देतौ कितै[३] बहाइ॥१५०॥
बहुत निकाइन तै लषौ[१] तेरौ रूप निकाइ।
तव[२] अनुरागी दृग रहै तेरे हांथ[३] विकाइ॥१५१॥
मलयागिर[१] चन्दन सरस घिसि घिसि लावत[२] कूर।
जात तपन[३] कहुं दृगन की बिन वा रूप कपूर॥१५२॥
ज्यौं[१] उत रूप अपार[२] है त्यौं इत चाह अपार।
नैन बिचौंही दुहुन कौ पाइ सकै नहि पार॥१५३॥
रूप निकाई भीत की ह्यां तक लौ अधिकात।
जा तन हेरैं[१] निमुष[२] कै रीझहु रीझी जात॥१५४॥

सोरठा

जोती डोरै लाल, पलकन[१] के सजि कै पला[२]।
तारे बाट बिसाल, जोषत दृग हरिरूप[३] धन॥१५५॥
और सवादिन पै लषौ भूलहु चितु[१] न देइ।
अंषियां मौहन रूप कौ बिनु[२] रसना रस लैइ[३]॥१५६॥

---

१५०. (१) राष्यौ भा। (२) उठि प्र, उह द। (३) कितौ प्र।

१५१. (१) लष्यौ भा। (२) नव भा। (३) हात भा।

१५२. (१) मलिया भा। (२) ल्यावत भा। (३) जानि तषनि प्र।

१५३. (१) जो प्र। (२) अपार द।

१५४. (१) हेरौ भा। (२) निमिष भा। (३) रीझहि भा।

१५५. (१) पलकनु प्र। (२) पलक द। (३) हर रूप द।

१५६. (१) चित्त द। (२) बिन भा। (३) लेइ भा, प्र।

छबि कन[१] दैं दृग जाचकनि[२] जे नहिं पालत आनि।
रूपरासि उनिकौ[३] दई दई कहा धौं जानि[४] ॥१५७॥
पलक परोहिनि[१] होइ नहि दृगनि सुनारी[२] साथ।
रूप कूप तै कौन विधि रसु लागतु[३] है हाथ[४] ॥१५८॥
निजु[१] करनी लषि आपनी रहियतु[२] है अरगाइ।
काचे घट चहियतु[३] भरौ नव सरूप रस लाइ[४] ॥१५९॥
दृग रसना जानत सही मधुर[१] रूप रस हौन।
एकदम जा[२] पावत सुनी कहुं[३] हाठ[४] की गौन॥१६०॥
रूप कहरि दरियाउ[१] मैं तिरबौ[२] है न सलाह।
नैननि[३] समुझावत रहै निसिदिन ग्यान मलाह॥१६१॥
जो भावै सो कर लला इनै[१] बांध वा[२] छोर।
है तुव सुवरन रूप के ये दृग मेरे[३] चोर॥१६२॥
तुव वन मैं षोयौ[१] गयौ मन मानिक ब्रजराज।
लगे[२] संग ही फिरत हैं नैनन वावस[३] काज॥१६३॥

---

१५७. (१) दै कै द। (२) जाचकन भा द। (३) उनकौ भा। (४) कहायौ जानि प्र।

१५८. (१) पुरोहित द, प्र। (२) निसि नारी भा, सुनारी प्र। (३) लगिनि क प्र। (४) साथ प्र।

१५९. (१) निजी भा। (२) रहियत भा। (३) चहियतु भा। (४) ल्याइ भा।

१६०. (१) धूर द। (२) सब्बरमय भा। (३) हू भा। (४) टाट प्र।

१६१. (१) दरियाव भा। तरिबौ भा। (३) नैननि प्र।

१६२. (१) यहँ प्र, इन्है द, भा। (२) भा द (३) मेरे द्रग भा।

१६३. (१) तन मैं पेषौ प्र। (२) लगो भा। (३) नैनन पाउस प्र, नैना वापन भा।

मदन जुवा के ष्याल मैं[1] रूप सई कौ देतु।
दुवा दाउ[2] कौ मैटि कै लाल तिहाई[3] लेत॥१६४॥
रूप नगर मैं बसत है नगर सैठ तुव[1] नैन।
मन जामिन लै नेहियत लगे पुंजी[2] छवि दैन॥१६५॥
और[1] बार दृग जे परैं तेरे रूप अहोर।
मन मलाह अब सकतु नहि ध्यावै इन्है[2] बहोर॥१६६॥
वरूनी जोती पल पला डांडी भौंह अनूप।
मन पासंग[1] तौलै[2] सुदृग हरुवौ गरुवौ रूप॥१६७॥
मुक्त स्वेदकन चिबुक लषि लषी[1] न अलि कै[2] जाल।
वदन रूप रस मै फसौ[3] रसनिधि सुमन मराल॥१६८॥
जौ नहिं करतौ भावतौ रूप भूप प्रतिपाल[1]।
तौ इन लोभी दृगन कौ होतौ कौन[2] हवाल॥१६९॥
देतु न मृदु मुसकान की गजक आइ बेहैफ।
भले छकाए नैन ये रूपासव की[1] कैफ॥१७०॥
सरस रूप कौं भार पल सहि न सकै सुकुमार।
याही तै ये पलकु जनु झुकि आवैं हरि[1] बार॥१७१॥

---

१६४. (१) खेल भा। (२) दुआ और भा। (३) तियाही भा। सही प्र, द।

१६५. (१) सब द। (२) पूंजी भा।

१६६. (१) अरे प्र। २. ह्यां तें इते प्र यातै इन्है भा।

१६७. (२) मनवा प्र मन पसंद भा। (२) तोलत प्र।

१६८. (१) लष लष लष द। (२) अलि कै भा। (३) फस्यौ भा।

१६९. (१) प्रतियाल भा। (२) कोन प्र।

१७०. (१) रूप सबी के भा।

१७१. (१) हर भा।

कर दीनी तुव रूप नै दृगन सुछवि तनषाह[1]।
दियौ चाहियै भावतै इनकौ ष्वाहमष्वाह[3]।।१७२।।

कीनौ[1] जतन सुजान बहु अजौं न निकसै तेव।
परौ[2] सुमन नंदलाल की रूप जेव की जेव।।१७३।।

सोरठा

कावर सुन्दर रूप, छवि गहुवा[1] जहं नीपजै[2]।
वाला लगै अनूप, हेरत नैननि डहडही[3]।।१७४।।

छवि सहिचरि[1] सौं दृगनि कौ इन विभचार[2] लगाइ।
रूप ग्यक्त तुव लगनि[3] कर मन धन लयौ[4] लुटाइ।।१७५।।

पल पिंजरन[1] मैं दृग सुवा जदिप मरत है प्यास।
तदिप तलफ जिय राषही[2] रूप दरस रस आस[3]।।१७६।।

रूप भूप कौ हुकुम[1] यह इतना किन[2] कहि देउ[3]।
विना सनेही[4] दृग हियौ आवन इहा[5] न देव।।१७७।।

---

१७२. (१) कहि दीनी तुव रूपनैं धुनि सुनि छबि तनखाह प्र। (३) खाहमिखाह भा।

१७३. (१) कीनौ भा। (२) परौ भा।

१७४. (१) गेहुंवा भा। (२) उपजै भा। (३) लहलही भा।

१७५. (१) सहचर प्र। (२) विवचार द, व्यभिचार भा (३) भूप प्र. द (४) लषौ द।

१७६. (१) पल किजरन भा। (२) राषहीं प्र। (३) प्यासि प्र, प्यास द।

१७७. (१) हुकम प्र। (२) हि तना प्र, द। (३) देव भा। (४) सेनही प्र। (५) यहां प्र।

वारि फेरि[1] कै आपु पै जरत[2] न मोरै अंग।
रूप रोसनी पै झपै नेही नैन[3] पतंग ॥१७८॥
षोरि षोरि[1] सब देत हैं मेरे नैननि षोरि।
लाल मनोहर रूप कौ देत न कोऊ षोरि ॥१७९॥
बिरह पीर कौ नैन ये[1] सकै नहीं पल साधि[2]।
मीत आइ कै तूं इन्हैं रूप पीठ दै[3] बांधि ॥१८०॥
रूप ठगौरी डारि[1] मनु मौहन लैगौ साथ।
तब तैं सासैं[2] भरत है नारी नारी[3] हाथ ॥१८१॥
रूप किरिकिटी पर गई जब तैं दृगनि सम्हारि[1]।
लाल भये तब तै रहत बरषत[2] अंसुवन धारि ॥१८२॥
लाल रूप के इमृत फल दृगद्रुम[1] लागत आइ।
याही तै विधिनै[2] दई बरूनी बारि[3] बनाइ ॥१८३॥
जा[1] दुकान कौ रूप मद अमली द्रगनिद्र रिहाइ[2]।
जिय गहनै धरि[3] पियत हैं[4] बार बार वहां जाइ ॥१८४॥

---

१७८. (१) पारि फैर कै भा। (२) जरति भा। (३) नेन प्र, नैना द।

१७९. (१) खोर खोर भा।

१८०. (१) येह प्र। (२) कांध प्र भा। (३) पीडि द।

१८१. (२) डारि भा। (२) तन जे सानसै प्र। (३) भारी तारी प्र।

१८२. (१) मंझार भा। (२) बरसत प्र।

१८३. (१) द्रग द्रग प्र। (२) बिधनी द। (३) वार प्र।

१८४. (१) ता प्र। (२) रहाइ प्र, रेहाइ भा। (३) धर भा। (४) हूं प्र।

उतरत मै[१] आवत डरौं जौ तुम नन्दकुमार।
चित[२] सुरोसनी रूप तुव[३] लियौ खड़ो[४] दृग द्वार॥१८५॥
कबहु न ये आवत इहां कुहू निसा लषि लेत[१]।
झंप झांषत[२] चहुंओर तै कहुं चकोर किहि हेत॥१८६॥
रूपु[१] मजा[२] कौ दृगनि सम जौ पल लेते जांन।
मीत लषत होते नहीं जे[३] बिच आडे[४] आंन॥१८७॥
जुलफ[१] नसैनी पै चढ़े दृग घर लपकै लाइ[२]।
रूप महल छबि रौसनी तब वै देषै जाइ[३]॥१८८॥
साफी कौ[१] तौ कर दई सनद[२] दृगन करि हेत।
रूप जिनसि पल गौंनि मैं काहे भरन न देत॥१८९॥
चढ़ी मदन दरगाह मैं तेरे नाउ[१] कमांन।
तषत मुबारक[२] रूप कौ तुझै मीत सुलतांन॥१९०॥
प्रीतम पै चाषौ[१] दृगनि रूप सलौनौ[२] लौंनु।
कटै[३] इश्क[४] मैदान मैं तौ कहु अचरज कौनु॥१९१॥

---

१८५. (१) उर तम मैं भा, प्र। (२) चित्र भा। (३) तब द। (४) लियै खड़े भा।

१८६. (१) लबतेत द। (२) झांकति भा।

१८७. (१) रूपु प्र। (२) स्वाद भा। (३) ए प्र। (४) आगे प्र भा।

१८८. (१) जुलुफ भा। (२) पलकैं पाइ भा। (३) देषै हैं आइ भा।

१८९. (१) की भा। (२) सघन द।

१९०. (१) नाम भा। (२) मवारब प्र।

१९१. (१) चाष्यौ भा, प्र, चाषौ द। (२) सलोनै भा। (३) कढै द। (४) इस्क प्र।

अरे बैद चहिये जु ह्यां[१] सो नहिं तेरे पास।
नैन यहां मिति[२] रूप रस आवत है गौरास॥१९२॥
नितु हित सौं पालतु रहै रूप भूप नंदलाल।
छबि पनिवारन[१] दै[२] सकौ दृग पनवारिन[३] हाल॥१९३॥

मुख वर्णन

मीत[१] सुमुष की जोति तौ[२] नेहै राषत पोषि[३]।
दीप जौत तौ लेत है सिर सौं नेहै सोषि॥१९४॥
सकै सताइ न वलु तिन्है[१] विरहा अनिल[२] सुछंद।
नजरै जै नजरै रहै[३] प्रीतम तुव मुषचंद॥१९५॥
जब जब वह[१] ससि देतु है अपनी कला गमाइ[२]।
तब तब तुव मुषचंद कै कला मांगि[३] लै जाइ॥१९६॥
कहूं[१] निसां तिथिपत्र मैं बांचन कौ रहि[२] जाइ।
तुव मुष ससि की चांदनी उदै[३] करति जहि[४] जाइ॥१९७॥
वह ससि ही[१] सै देखियै तारिन[२] माह[३] सुछंद।
निसु[४] दिन दृगतारिन लसै तुव मुषतारन चंद॥१९८॥

---

१९२. (१) दवा भा। (२) जहमतिन प्र
१९३. (१) पनवारिन प्र? (२) सै भा। (३) सनौ द्रग परवारिन हाल भा।
१९४. (१) प्रीत प्र। (२) तौं प्र। (३) पोष प्र, द।
१९५. (१) नवलति हैं प्र, पलइन्हैं भा। (२) अनिति प्र। (३) नजरै जेन जरै रहै द, न जोरै जै नजैरे भा।
१९६. (१) यह द। (२) गंवाइ भा। (३) पै भा। (४) मांग प्र।
१९७. (१) कहु भा। (२) रह भा (३) उदौ प्र। (४) है भा।
१९८. (१) निसि भा। (२) तारन भा। (३) माझ द। (४) निसि भा।

द्रग मृग नेहिन[1] के कहुं फंदि न पावै[2] जान।
जुलफ[3] फंदा मुष भूमि पै रोपै बधिक सुजान॥१९९॥

सुमन सहित आँसू उदिक पत्य अंजुरिन भरि[1] लेत।
नैन व्रती[2] तुव चंदमुख देषि[3] अरघ[4] कौ देत॥२००॥

छवि धनु पैयतु[1] अमित जहं लषि मुषचंद उदोतु।
मन नग[2] मोहन मीत पैं वार वारौ होतु॥२०१॥

भावंता[1] मुष स्वच्छ पै तिलु[2] नहिं जौ दरसाइ।
मो[3] दृग तारिन मैं जु तिल ताकी आभा आइ॥२०२॥

मदन कहन जासौं[1] लगे तब तैं चतुर विचार।
हरौ गयौ जाकौ[2] सुमन[3] मोहन बदन निहार॥२०३॥

हीरा मुख तावीज मै सोहति है इहि[1] बानि।
चंद लषतु[2], मुख मीत कौइ लग्यौ भुजा[3] सौं[4] आनि॥२०४॥

जब लगि हिय दरपन रहै कपट मोरचा छाइ।
तब लगि[1] सुन्दर मीत मुष कैपै दृगनि दिषाइ॥२०५॥

---

१९९. (१) नेहनि भा। (२) आवै प्र, पावहि भा। (३) जुलफि प्र, जुलफ द।

२००. (१) भर प्र। (२) नैनवती द। (३) देष प्र, द। (४) अघं द।

२०१. (१) पैयत धन भा। (२) गन द।

२०२. (१) भावता प्र। (२) जौ यह तिल दरसांइं भा।

२०३. (१) जब सौं भा। (२) याकौ भा। (३) सुमद भा।

२०४. (१) यह भा। (२) लगौ प्र। (३) जनु। (४) सन भा।

२०५. (१) लग भा।

जातै ससि तुव मुष लषौ[1] मेरौ चितु सिहाइ।
भावंता उनिहार[2] कछु तौमैं पैयतु[3] आइ॥२०६॥

तिल वर्णन

नेही तिल रसनिधि लषौ सुमन संग पिरिजाइ[1]।
निरमोही मुष के जु तिल सुमन पेरि[2] बचि जाइ॥२०७॥
तिलु न होइ मुष मीत पैर[1] जानौ याकौ[2] हेतु।
रूप षजाने की मनौ हफसी[3] चौकी देतु॥२०८॥

मुरली वर्णन

मोहन बंसुरी लेति[1] है बजि कै बंसुरी जीति।
बसु री यासौ चलत नहिं बस करि करत अनीति॥२०९॥
काननि लगि कै तैं हमैं काननि दियौ बसाइ[1]।
सुचिती[2] व्है तै बांसुरी बसु तैं अब बृज[3] आइ॥२१०॥
ऐसौ[1] जौ नित बांसुरी जौ[2] बजाइहै आंन[3]।
तौ कैसै[4] रहि सकैगी[5] या बृज मैं कुलकांन॥२११॥
मति[1] बजाउ इत[2] आइ[3] कै मौहन मुरली तान।
हरि लैहै काहू मनैं नाहक लगिकै[4] कांन॥२१२॥

---

२०६. (१) लषै भा। (२) उनहार द। (३) पैयुन प्र, पैय भा।
२०७. (१) फिजाइ प्र। (२) ेर प्र।
२०८. (१) पर भा। पे द। (२) बाकौ भा। (३) हबसो भा
२०९. (१) लेत भा।
२१०. (१) बिसारि प्र। (२) सुचती प्र। (३) बस अब बृजमैं भा।
२११. (१) अैसैंद, ऐसे भा। (२) वहभा। (३) आइ (४) सकहिगी प्र। (५) वह द।
२१२. (१) मत भा। (२) बबाज इत भा। (३) आय प्र। (४) लगि के प्र, लगिहै भा।

मौहन बंसुरी सौ कछूं मेरौ वसु न वसाइ।
सुर रसरी सौं श्रवन मगु[1] बांधि[2] मनै लै जाइ॥२१३॥
सुनियतु मीननि[1] मुष लगै[2] बंसी अबै सुजांन।
तेरी यह बंसी[3] लगै मीन केत कौ बांन॥२१४॥
अब लगि बेधन[1] मन हतै द्रग अनियारे बांनि।
अब बंसी बेधनि लगी सप्त सुरन सौं प्रांनि॥२१५॥
विछुरत[1] सुन्दर अधर तैं रहत न जिहि घट सांस।
मुरली सम पाई न हम प्रैम प्रीत की आस॥२१६॥
तोहि वजै विषु जाई चढ़ि आइ जाइ[1] मन मैर।
बंसी तेरी[2] वैन[3] कौ घर घर सुनियतु घैर॥२१७॥
करत त्रिभंगी मोहनै[1] मुरली लगि अधरांनि।
क्यौं न तजै जाकै[2] सुनै और सबै कुलकांन॥२१८॥

नयन वर्णन

मैन चैपु हित सांट की दीठ[1] लगाइ डगै न।
धरत[2] अहेरी मन हियै तैरे षंजन नैन॥२१९॥

---

२१३. (१) मग प्र। (२) बांध द।

२१४. (१) मीनन प्र। (२) लगे प्र। अब रमन द। (३) वनसी प्र।

२१५. (१) बेधत भा।

२१६. (१) बिहरत प्र।

२१७. (१) जात भा। (२) तेरे द। (३) बैर भा।

२१८. (१) मोहिनहि प्र, मोहनहि भा। (२) ताके भा, जाके द।

२१९. (१) डीठ प्र, भा। (२) अधर प्र।

रूप नगर दृग जोगिया फिरत सुफेरी देत।
छवि किन[1] पावत है जहां[2] पलझोरी भरि लेत[3]॥२२०॥
तुव अनियारे द्रगनि कौं सुनियत जग मैं सौर।
अजमावत कहि[1] फिरत हौं कमजोरन पर[2] जौर॥२२१॥
नजरै सबई[1] रहत है येक नजरिया और[2]।
उतनै ही मैं चोरही[3] चितु वितु[4] तुव दृग चोर॥२२२॥
रसनिधि सुन्दर मीति के रंग चुवौहै[1] नैन।
मन पट कौ कर देत है तुरत सुरंग ये नैन॥२२३॥
कजरारे दृग की घटा जब उनवै जिहि बोर[1]।
बरसि सिरावत[2] पहुम उर रूप झला झकझौर[3]॥२२४॥
कैसे मन धन लूटते लभावन्ता के नैन।
मनमथ जौ देतौ[1] नहीं इनकर बरछी सैन॥२२५॥
मतवारे दृग गज कहूं ऐसै[1] दीजतु छोड़ि।
नेही तन द्रुम[2] क्यौ सकै इन की झौंकै[3] औड़ि॥२२६॥
मैंन महाउत[1] दृग गजन हूलतु[2] वाही वोर[3]।
लाषन मैं लषि लेतु है वाही[4] कौ चितु चोर॥२२७॥

---

२२०. (१) कन प्र, मन भा। (२) भर केन प्र। (३) जहां द।
२२१. (१) कह प्र, का भा। (२) सौं भा।
२२२. (१) नजरै ई सब भा। (२) जौर प्र, बोर भा। (३) चोट्टी या (४) चितवत प्र, चित्रवित भा।
२२३. (१) चुचौहै भा
२२४. (१) और द, बोर भा। (२) सिरावै भा। (३) झलान झकोर भा
२२५. (१) देतो प्र, देते भा।
२२६. (१) अैसे प्र, द। (२) द्रगतन भा। (३) झाकै द,।
२२७. (१) महवत भा महाउ द (२) हूलत प्र हुलसत भा। (३) ओर भा। (४) हियही भा।

मन धन तौ राषौ[1] हतौ मैं दीबै कौ तोहि।
नैन कजानन पै अरे क्यौं लुटवायौ मोहि॥२२८॥
प्रेम नगर दृग जोगिया[1] निसु दिन फेरी देत।
दरस भीष नंदलाल पै पल झोरिन भरि[2] लेत॥२२९॥
तब जानौ[1] ससि और पै तोरा लेउ चलाइ[2]।
द्रग चकोर तब रावरे षासी रैयत आइ॥२३०॥
दरस दांन तो पै चहै द्रग पल[1] अंजुरी ओडि[2]।
पूरन कर मनकामना इनै बिमुष मति छोड़ि॥२३१॥
जो नहि देतौ अनत[1] कहुं द्रगन हरवली आइ।
मन मवास जौ सतन[2] मैं को सर करतौ धाइ[3]॥२३२॥
देते[1] जो नहिं भेदु कहुं नैंननि सौं मिलि नैंन।
मीत उजागर आउतौ[2] कैसे मन धन लैंन॥२३३॥
छूटे[1] द्रग गज मीत के बिचि है[2] प्रेम बजार।
दीजौ नैंन दुकांन के मोहन[3] पलक किंवांर॥२३४॥
जिहि[1] लालच मन धन दियौ[2] द्रगन मीत तुहि ल्याइ।
काहे तैं वह रूप रस देत न इनकों प्याइ[3]॥२३५॥

---

२२८. (१) राख्यौ भा।
२२९. (१) जोग्यांन्द (२) मैं प्र।
२३०. (१) जानै भा। (२) ताथे लेव चलाय भा। (३) रावरी भा।
२३१. (१) फल भा। (२) बोड़ भा।
२३२. (१) अतन भा। (२) सुतिन भा। सुतनक। (३) धाय भा।
२३३. (१) देततौ भा। (२) आवत प्र द।
२३४. (१) छोटे प्र। (२) इहि प्र, यह भा (३) महुकम भा।
२३५. (१) जिह द। (२) दियां भा, प्र। (३) ल्याइ प्र।

मोहन छवि[1] दरियाव मैं पाइ[2] सकै नहिं पार।
झझकि रहत है देष कै पैरवार[3] द्रगवार॥२३६॥
प्रथम सुमिर तुव दृगनि[1] कौं जे प्रनाम करि लेत।
मीता उनिकौं[2] जगत मैं जाछा आदर[3] देत॥२३७॥
नातवांन[1] तन पै अबै[2] येती ताकत है न।
मति झु काउ[3] मो सामुहैं[4] गज मतवारे नन॥२३८॥
ऐसा तो कीनो नहीं[1] कछु गुनाह भी मैन[2]।
भौ तन पै नु झुकावही गज[3] मतवारे नैन[4]॥२३९॥
मीत नीत की चाल ये चल जानत हू हैन।
छवि सैना सजि धावही अबलन पै[1] तुव नैन॥२४०॥
जव तैं नागर[1] मन वसौ आइ सुमैना मैन।
पहिरायै[2] करिकै निसा चित चोरी कौ नैन॥२४१॥
सिसुताई के अमल मैं दबे रहत हैं नैन।
मैन अमल के होत कछु लगै पयानौ दैन॥२४२॥

---

२३७. (१) रूप प्र। (२) जाइ भा। (३) ओवार प्र।

२३८. (१) उनैकौ प्र। (२) जादू अरदा प्र। (३) जाइ अरदा म। करि द।

२३९. (१) वातमांन प्र। (२) सुनौ भा। (३) झुकाव भा। (४) सांमनें प्र।

० यह छन्द प्रति प्र द में भा के छन्द २४१ के बाद आया है।

२३९. (१) ऐसौ तौ कीन्हों हतो भा। (२) भीन प्र। (३) जे प्र। (४) तैन प्र।

२४०. (१) ये प्र।

२४१. (१) तन प्र। (३) पहिस येक द्र।

मीत विदित ये बाढई[1] नन[2] तुमाहारे[3] आइ।।
बरुनी कर तुव[4] देतु है नहिन सीस चलाइ।।२४३।।
दीठ वरत पै[1] नैंन चढ़ि कैयक पलटा[2] देत[3]।
देष तमासौं रीझ कै नेही मनधन लेत[4]।।२४४।।
जिहि[1] मग दौरत[2] निरदई तेरे नैंन कजाक।
तैंहि[3] मग फिरत सनेहिया कियैं क परेवा[4] चाक।।२४५।।
आप बसातै[1] वहुत[2] सौं मन कौ कियौ बचाइ।
हौन लची[3] दृग लालचिनि दीन्हौ मनहिं लचाइ।।२४६।।
रसनिधि नेंननि परि[1] गई कछू[2] अनौखी बांनि।
पीवत ही छवि पल अधर[3] लगै लपैटी आनि।।२४७।।
रूप हगौरी डारि कै मौहन[1] कैगौ चित्ति चौरि[2]।
अंजन मिस जनु नैंन ये पियत हलाहल घोरि।।२४८।।
गुरजन नैनि[1] विजातियन परी कौन यह बांनि।
प्रीतम मुष अवलोकतन होत जुआड़े आंनि।।२४९।।

---

२४३. (१) बाटइ प्र। (२) मैन प्र। (३) तुम्हारे भा। (४) करवतु द।

२४४. (१) पर भा। (२) उलंथा प्र, द। (३) लेत भा। (४) देत भा।

२४५. (१) जित प्र। (२) होरत प्र। (३) तिहद, तोहि भा। (४) गवेरे द, गरेवा भा, परवा क।

२४६. (१) बसाने प्र। (२) बहत प्र। (३) हौत चली प्र।

२४७. (१) पर प्र। (२) कहुक भा। (४) मधुर भा।

२४८. (१) मोहन भा। (२) चोर प्र, द। (३) घौरि प्र

२४९. (१) तहि प्र।

दृग द्विज ये उठि प्रातही करि असुत्रन असनान।
रूप भूप वै[1] जाचही छवि मुक्ताहल दांन॥२५०॥
अरुन तगनि[1] कै नैन जनु गरै जनेऊ डारि।
रूप दांनि मांगत रहें ये पल करनि पसारि॥२५१॥
त्रपित न[1] मानत नैन ये[2] लेत रूप रस दांन।
रहत पसारै[3] लोमिया निस वासर पल पान॥२५२॥
जव तैं वहि सिर पढ़ि दियौ[1] हैरन में हित बील।
पल घर मैं पैठत[2] नहीं तव तैं दृग ह्वै[3] सील॥२५३॥
द्रग मृगनैननि[1] के कहूँ फांद न पाव जान।
जुलफ फंदां मुष भूमि[2] पर रोये[3] वधिक सुजान॥२५४॥
मति चलाउ[1] मो सासुहै इनिकौं तैं अड़ियार[2]।
नैन[3] कटारी वांकुरी पल म्याने[4] पड़िधार[5]॥२५५॥
रीझत आपुन जादू[1] कै लषि छवि नंदकुमार।
मन कौ डारत वारि जे नौखे[2] द्रग[3] रिझवार॥२५६॥
नेह नगर मैं कहु तुहीं[1] कौन वसै सुषचैन।
मन धन लूटत सहिज मैं लाल बटपरा नैंन॥२५७॥

---

२५०. (१) पर भा।
२५१. (१) तगन प्र, लगा भा।
२५२. (१) त्रिपं सन द। (२) यह प्र। (३) पसरि प्र।
२५३. (१) पर दिये प्र, पठि दिये द। (२) बैठत भा। (३) है प्र, हुइ भा।
२५४. (१) मृग नैननि भा। (२) पर भा। (३) रोषे प्र, द।
२५५. (१) मलाव भा। (२) अड़पार प्र अरुपार भा। (३) नजर भा। (४) मियान प्र। (५) पडिधार प्र।
२५६. (१) जार भा। (२) नषै प्र, ताषै द। (३) द्रगन प्र।
२५७. (१) कवहु तुहि प्र।

देष न इन्हें न देतहीं[1] इहि[2] डर मोहन ओर[3]।
आपु लागि करिहैं[4] करन मेरे मन पै[5] जोर॥२५८॥
सुरत सहेली वाल छबि नित[1] संवारि कै लाइ[2]।
दृग प्रीतम कौ देषि कै[3] आछी भांत्ति मिलाइ॥२५९॥
साधत इक छूटत सहस लगत अमित ह्वै जात[1]।
अरजुन सम वानावली तेरे दृग करि[2] जात॥२६०॥
तेरे नैन मसालची रूप मसाल दिषाइ।
नेही तन तैं[1] विरह तम दौरै[2] दूरि भजाइ॥२६१॥
मेरै जांन सुजांन तुव नैन किलकिला[1] आइ।
हृदय सिंधु तैं मीन मनु तुरत सुधरि[2] लै जाइ॥२६२॥
समझ[1] न सांची वात यह यामै नहीं[2] विबाद।
विना जीभ[3] कै लैत द्रग मोहन रूप सवाद॥२६३॥
जे अखियाँ वैरा रही लगै बिरह की वाइ।
प्रीतम पग रज कौ तिन्हैं अंजनु देउ[1] लगाइ॥२६४॥
हेरत मौहन रूप को वृजवाला न धाइ।
चहूं ओर तैं दौरि कै दृग कोरिन[1] मिल जाइ॥२६५॥

---

२५८. (१) देषन यहं न देत हीं प्र, देखत नैन न देखती भा। (२) यह भा। (३) वोंर प्र। (४) करहै प्र। (५) पर भा।

२५९. (१) निज प्र। (२) ल्याई भा। (२) देत है भा।

२६०. (१) द्रग गात भा, द्वै गाति द। (२) कर प्र।

२६१. (१) मै प्र। (२) दीन्हों प्र।

२६२. (१) किलकिला भा। (२) पकर प्र।

२६३. (१) सज्जन भा। (२) यामै नहि भा यामैं नाहि प्र। (३) जीभ भा।

२६४. (१) देहू भा।

२६५. (१) कोरा प्र।

अंजन होइ न लसत जौं[1] ढग इन नैन विसाल।
पहिराई जनु मैन[2] गुर स्याम बंदनीमाल[3]॥२६६॥
विदित न सनमुष व्है[1] सकै अषियाँ बड़ी लजोर।
बरुनी सिरकिन ओट व्है हेरत मौहन ओर॥२६७॥
अवगाहे इन रूप नद[1] जब तैं नैन मलाह[2]।
तब तैं मनु नृप चलतु है इनहीं बूझि[3] सलाह[4]॥२६८॥
यामैं[1] ये[2] छवि पावती छाब भावंता भांति।
रसनिधि अषियां ताहियै नित अवलोकि सिहाति[3]॥२६९॥
दृग दूसासन[1] लाल कै ज्यौं ज्यौं षैंचत जात।
त्यौं त्यौं द्रौपति[2] चीर लौं मन पट बाढ़त[3] जात॥२७०॥
बाहक दृग नंद लाल के अैंठन[1] अैंठी घाल।
अड़ छुटाइतिय[2] मन हयन तुरत चलावत चाल॥२७१॥
द्रग दरजी बरूनी सुई रेसम डोरा[1] लाल।
मगजी ज्यों[2] मो मन सियौ तुव दावन[3] सौ लाल॥२७२॥

---

२६६. (१) जो प्र, तो भा। (२) मैंन प्र, मदन भा। (३) मंदनी द

२६७. (१) हो द।

२६८. (१) मद प्र, निधि भा। (२) मिलाइ प्र। (३) पूछ प्र, बूझ द। (४) सलाइ प्र।

२६९. (१) जामैं भा। (२) ने प्र। (३) निसदिन देष सिरात प्र

२७०. (१) दूसासन द। (२) द्रोपत प द्रोपदि भा। (३) बांधत प्र।

२७१. (१) अैठत प्र, अैड़न भा। (२) आडि छुटाउति भा।

२७२. (१) डोरे भा। (२) यौं प्र। (३) दामन भा।

भावंता लषि लगत पल जानत हौं[1] किहि[2] हेतु।
पल ओटन सौं नैंन ये रूप स्वाद कौं[3] लेत॥२७३॥
जब जब निकसत भावतौ रसनिधि इहि[1] मग आइ।
नेह अतर लै दीठ[2] कर लोचन देत लगाइ॥२७४॥
बहकाये तै और के ये रीतैं[1] जिनि बैंकु।
देषन दै मुष चंद कौ नैंन चकोरन नैंकु॥२७५॥
थिरकत सहज़ सुभाव सौं चलत चपलगति सैंन।
मनरंजन रिझवार ये षंजन तेरे नैंन॥२७६॥
नींद आदरत है तुहैं[1] नैही द्रग इहि आस।
कबहुंक देषौं उनि तुम्हैं[2] भावंता दृग पास॥२७७॥
सिसु ज्यौं जल कन[1] लेत दृग भरि पलकन मैं हाल[2]।
विचलत षैंचत[3] लाज कौ मचलत लषि नंदलाल॥२७८॥
दृगनि दृगनि सौं मिलि कियौ भेद प्रथम ही जाइ।
मैं न दियौ[1] मन उनि लियौ भौ[2] हसि नैंन लगाइ॥२७९॥
विधिवत छबि कै फंदन[1] सौं नेही मन अभिराम।
षंजन दृग लषु[2] मीत के[3] करत बधिक के कांम॥२८०॥

---

२७३. (१) कौ भा। (२) केहि भा। (३) सवादहि प्र।
२७४. (१) यह प्र। (२) दीन प्र, डीठ भा।
२७५. (१) ही तै भा।
२७६. (१) के भा।
२७७. (१) नींद निरादर देत हैं भा। (२) उनि तुहै प्र, उदित ह्वै भा।
२७८. (१) किन भा। (२) लाल भा। (३) बिचसत बैचै द।
२७९. (१) दयौ द। (२) मुहिसल मैन लगाइ भा, मौ हौ नैन लगाइ क।
२८०. (१) फदन प्र, फंद भा। (२) लषि म। (३) मीप्त के प्र, मीत के भा।

तुव दृग सतरंज[१] बाज सौं मेरौ कछु[२] न बसात॥
बादशाह[३] मन कौं करै छबि सहि दै[४] कर मात॥२८१॥
दैंन लगे तुह पास जब बिरह अहेरी गाइ।
प्रीतम सुवन[१] मवास बिच बचत नैन मृग जाइ॥२८२॥
अंजन आंदू[१] सौं भरै जद्दिप[२] तुव गज[३] नैंन।
तदिपि चलावतु रहत हैं झुकि झुकि चोटैं सैंन॥२८३॥
षैंचै अंकुस लाज के जे रुक[१] पलकु रहैं न।
धीरज द्रुम तोरत[२] फिरै गज मोकल[३] तुव नैंन॥२८४॥
रस रेसम मैं जो दई गांठि अनष[१] झकझोर।
ते तुव दृग नष[२] भौंह[३] सौं सहजहिं डारत छोर॥२८५॥
दीठ लगत उर ईठ[१] तन कटक सकत[२] न हेर।
तऊ लेत दृग लालची चोरी चोरा हेर॥२८६॥
वासौ[१] सुमन सुवास तैं जब तैं प्रीतम आइ।
तब तैं अलि उनि[२] दृगन पर पासु न छोड़ौ जाइ॥२८७॥
ठगिया तेरे नैंन ये छल बल[१] भरे कितेब।[२]
कतरत पल[३] मिकराज सौं नेही मन की जेब॥२८८॥

---

२८१. (१) सतनज प्र। (२) बस भा। (३) पादसाह भा। (४) है भा।

२८२. (१) रूप भा।

२८३. (१) आदर प्र. (२) जदपि प्र, (३) तुवग सजु प्र।

२८४. (१) बेसक प्र। (२) टोरत प्र। (३) कोम भा।

२८५. (१) अनक द। (२) वक प्र। (३) मोह प्र, माहि भा।

२८६. (१) डीठ प्र। (२) सहत प्र।

२८७. (१) तास्यौ प्र, वास्यो भा। (२) इन अलि भा, उन अलि प्र।

२८८. (१) भर प्र। (२) कितेक द। (३) करतर रत द।

जुरत[1] दृगनि सौं दृगनि की पल बामैं[2] मुरिजाइ।
पैनै नेजा नजरि के सौंहै उरि उरि जाइ[3] ॥२८९॥
इनमैं हू[1] दरसाति है हरि मूरति की लोइ।
यातैं लोइन कहत हैं इनसौं मिलि सब कोइ॥२९०॥
नैंन बान जिहि उर छिदै[1] कसकत[2] लेत उसांस।
मीत सु उनिकी है दवा मिलै न बैदन पास॥२९१॥
उत अलगरजी चाह[1] इत लगी हियैं सरसांन।
दृग अनुरागिन कौ परी कठिन दुहूं बिधि आंन॥२९२॥
बिरह बाइ[1] सहि[2] सकत नहिं होइ गये अति छीन।
नैंन जहमती[3] जानि कै पल उर[4] बारे दीन॥२९३॥
बदन कूप तैं रूप रस दृग बिनु गुन भरि[1] लेत।
और कूप बिनु गुन पथिक प्यासे फेरी देत॥२९४॥
लघु मिलनो[1] बिछुरन घनो[2] ता बिच बैरिन लाज।
दृग अनुरागी भांवते कहु कहु करै इलाज॥२९५॥
भूले लोभी नैंन जौ[1] छबि रस आये चाषि।
दृग तारे दै कै इन्है[2] नजरबंद कर राषि॥२९६॥

---

२८९. (१) तुरत द। (२) बागै भा, क। (३) जात प्र।
२९०. (१) ह्या द, होइ भा।
२९१. (१) उर छिदे प्र। (२) ससकत भा।
२९२. (१) चाहि भा।
२९३. (१) बाँह भा। (२) कह भा। (३) झिलमिली भा। (४) उल प्र, बल भा।
२९४. (१) भर भा।
२९५. (१) मिलना प्र। (२) घना प्र।
२९६. (१) सौ भा। (२) वहै प्र।

ताजी ताजी गतनि[१] ये[२] तब तै सीखैं लैंन।
गाहक मन राजी करैं बाजी तेरे नैंन॥२९७॥

दृग नकीब ठाढ़े[१] रहत पल पौरन हि[२] हेत।
मन मजलिस मैं मीत जहं और झषन ना[३] देत॥२९८॥

रूप इमारत मैं[१] इन्हैं जौ तूं दियौ[२] लगाइ।
दरस मजूरी दै लला नैंन मजूरिनि आइ॥२९९॥

प्रथमहि नैंन मलाह ये[१] लेत सुनेह लगाइ।
तब मझियाउत[२] जाइ[३] कै गहिर[४] रूप दरियाइ॥३००॥

मन मैं आंनन आंनहीं अलबेलै[१] तुव नैंन।
तामैं भयौ हिमाइती आइ सु इनकौ[२] मैंन॥३०१॥

मीत बिरह की पीर[१] को सकै न पल दृग कांधि[२]।
रूप कपूर लगाइ कै प्रीत पटी सौं बांधि[३]॥३०२॥

गौना[१] नैंना लाल के हित कै[२] जानतु नाहिं।
नऐ[३] नेह की बहल मैं धुरिलौं[४] जांनत नाहिं॥३०३॥

---

२९७. (१) गतन प्र। (२) ऐ द।

२९८, (१) ढाडे प्र, बाढा द। (२) यह भा, इह द। (३) औ झकन ना भा।

२९९. (१) कौ प्र। (२) दये भा, दिये द।

३००. (१) जे भा। (२) मझयाउत, द मझयावत भा। (३) जाय भा।

३०१. (१) अलबेले भा। (२) सोइन भा।

३०२. (१) धीर या धरि प्र। (२) कांधी भा। (३) बांध भा।

३०३. (१) गैना भा। (२) मै भा। (३) नहे भा। (४) थुरला भा, घुरलै द।

वैन[१] जहां के तहं रहै लगैं[२] होइ उर पार[३]।
विधि तोहीं कौं रचि दियौ[४] ऐंसें दृग हथियार॥३०४॥
प्रथमहि दारू पाइ कै पीछै गोली षाइ[१]।
तेरे नैंन बदूष सम[२] चोटै[३] चूकत नाइ॥३०५॥
गुरुजन डर सौं चतुर ये[१] बरुनी जिलरुमन डारि[२]।
निधरक[३] प्रीतम बदन तन अषियन[४] रहैं निहारि[५]॥३०६॥
रसनिधि मौहन रूप तौं[१] जिहि मैं तिहि[२] सरसाइ।
तिनकौ राषौ नेहियन नैंन माझ ठहराइ[३]॥३०७॥
टौना अपु[१] बस करन कौ करे हते इन जाइ।
अब उलटे टौना[२] परचौ[३] गरै दृगनं के आइ॥३०८॥
मन सुबरन धरिया हियौ लाल सुहाग मिलाइ।
दृग सुनार हित आंच दै कुन्दन कियौ तपाइ॥३०९॥
रूप लोभ बसि मिल गये नैंन पहरुवा जाइ।
तबलौ नौं[१] चितचोर नै मन धन सहज[२] चुराइ॥२१०॥
नैंन सनेहिन कै मनौं हलवी सीसा आइ।
गुपत प्रकट तिन मैं सदा मीत सुमुष दरसाइ॥३११॥

---

३०४. (१) बनौ भा। (२) लषै प्र। (३) पाल द, दियै प्र, द।

३०५. (१) खाहि भा। (२) बधूक सम प्र, बंदूक ये भा। (३) चोटे प्र, चोटहि भा। (४) नाहि भा।

३०६. (१) ई भा। (२) बहुर गझिल मन डार प्र, (३) निपरक प्र, निधकर द। (४) अषियां भा। (५) रही भा, हरे प्र।

३०७. (१) रूप नै प्र, द। (२) मैनहि प्र जहि मैनहि द। (३) मैंन नाक ठहराइ प्र, मैन नाम ठहराइ द।

३०८. (१) अंखि भा। (२) रौना भा। (३) परै प्र।

३१०. (१) तब लीने प्र, तब लौनौ द। (२) लियो भा।

जालिम नैंनन के जुलुम कहियै काके पास।
पल पल षैंचत रहत है पल संसिन[1] सौं मांस॥३१२॥
मोहनमुष लषि[1] आपुही ये सरसावत हेत।
चाह बांवरी मांझ दृग मन कौं गोता देत॥३१३॥
एक[1] नजरिया[2] के लषै जो कोउ[3] होइ निहाल।
तों यामैं[4] तुव गांठ कौ कहा जात है लाल॥२१४॥
तनिक[1] किरकिटी जो[2] परै पल पल मैं अहटाइ।
क्यौं सोवै सुष नींद दृग मीत बसै[3] जब आइ॥३१५॥
नैंना मौहन रूप सौं मन कौ देत मिलाइ।
प्रीत लगै मन की बिथा[1] सकै न ये फिर आइ[2]॥३१६॥

सोरठा

रूप नगर मैं नैंन फेरी निसुदिन दैत है[1]।
मोहन मूरत मैंन, दरसन भिक्ष्या[2] के लिये॥३१७॥

दोहा

धरे हते मुहरा घनै[1] मैलै हियौ बिसात।
मो[2] मन साहिय कौ क़रौ[3] तैं दृग दै[4] सह मात[5]॥३१८॥

---

३१२. (१) संडसिन भा।
३१३. (१) लष प्र
३१४. (१) येक प्र। (२) जनरिया भा। (३) कोई भा। (४) वानै प्र।
३१५. (१) तनक प्र। (२) के भा। (३) बसौ प्र।
३१६. (१) व्यथा प्र। (२) पाइ भा।
३१७. (१) निसि दिन फेरी दैत है भा। (२) भिखिया भा।
३१८. (१) मुह राषनै प्र। (२) मेरे प्र। (३) सह कौ कियौ प्र। (४) दै द्रग भा। (५) महमान प्र।

वरुनी बन्दनवार रचि पल मंडफ दुज[१] मैंन।
छबि धन सौं चित चाइ[२] सौं भरत भावरे नैंन॥३१९॥
तीन पैंड़ जाके लषौ त्रिभुवन मैं न समाइ[१]।
धरि[२] राधे राषत तिन्हैं[३] तूं द्दग आधिन माइ॥३२०॥
मेरेई दृग मीतकर जौ मन आवै बैंच।
तौ याके[१] इनसाफ कौ काहि बुलाऊं षैंच॥३२१॥
द्दग माली ठै दीठ[१] कर निरषि रूप की वेल।
लेत सु चुनि छबि की कली पल झोरिन सौं[२] झेल॥३२२॥
मेरे नैंननि[१] ह्वै लषौ लाल आपनौ रूप।
भावत है गौ भावतौ कैसैं[२] भांति[३] अनूप॥३२३॥
मन मरुवौ कुच गिरिन पै[१] सहजै पहुंच सकै न।
याही तै लै डीठ के पैरे बांधत नैंन॥३२४॥
नेहनि उर आवत लषौं[१] जवही धीरज सैंन।
सैफी हेरन मैं कटै[२] कैफी तेरै नैंन॥३२५॥
मन घन तो पै भावते जे बारैई देत।
द्दग चौरन उनके[१] हियौ[२] क्यौं बारैई देत॥३२६॥

---

३१९. (१) द्विज भा। (२) चाय भा।
३२०. (१) समाहि प्र। (२) धन भा। (३) जितै प्र।
३२१. (१) जाके प्र।
३२२. (१) डीठि भा। (२) मैं प्र।
३२३. (१) नैनन। (२) कैसी भा। (३) भात प्र।
३२४. (१) गिर नयौ प्र।
३२५. (१) लषैं प्र। (२) पटै भा।
